अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 98 | लखनऊ, गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म करेंगे एआई कंटेंट की पहचान

### आईटी नियमों में होगा बदलाव

एजेंसी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय आईटी नियमों में बदलाव लाया है। इन बदलावों का उद्देश्य कृत्रिम कंटेंट के सार्वजनिक मंचों से होने वाले प्रयोग से जुड़ी दिक्कतों को हैंडल करना है। अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म को एआई जनित सामग्री को लेबल करना अनिवार्य होगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आज सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधन के लिए तैयार किए गए ड्राफ्ट पर सभी हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। ये संशोधन विशेष रूप से सिंथेटिक रूप से निर्मित जानकारी यानी डीपफ़ेक जैसी तकनीकों के नियमन से संबंधित हैं।



मंत्रालय ने कहा कि सरकार का उद्देश्य इंटरनेट को खुला, सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह बनाए रखना है। जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता के कारण फर्जी या भ्रामक सामग्री के प्रसार, चुनावों में हस्तक्षेप, व्यक्तियों की पहचान की नकल तथा अन्य दुरुपयोग की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इन्हीं जोखिमों को देखते हुए मंत्रालय ने व्यापक सार्वजनिक चर्चा और संसदीय विचार-विमर्श के बाद ये मसौदा संशोधन तैयार किया है।

मसौदा संशोधन कृत्रिम कंटेंट की परिभाषा प्रस्तुत करता है। नियम के तहत कंटेंट बनाने और उसमें बदलाव करने वाले प्लेटफ़ॉर्म को मेटाडेटा (पहचान से जुड़ी जानकारी) शामिल करनी होगी। इससे जांच के बाद कृत्रिम कंटेंट की पहचान संभव होगी। नए नियमों के तहत प्लेटफार्मों को एआई-जनरेटेड सामग्री को मार्करों के साथ लेबल करना होगा। दृश्य प्रदर्शन के सतह क्षेत्र के कम से कम 10 प्रतिशत या ऑडियो क्लिप की अवधि के प्रारंभिक 10 प्रतिशत को कवर करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को कानूनी सुरक्षा भी दी जाएगी।

महत्वपूर्ण सोशल मीडिया प्लेटफार्म (50 लाख से अधिक उपभोक्ता वाले) को उपयोगकर्ताओं से यह घोषणा लेने की बाध्यता होगी कि अपलोड की गई सामग्री कृत्रिम रूप से उत्पन्न हुई है या नहीं। इसके बाद इन प्लेटफॉर्म्स को एआई-जनरेटेड सामग्री की जांच और लेबलिंग के लिए तकनीकी रुप से जांच कर सार्वजनिक किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्रालय ने हितधारकों से 6 नवंबर तक मसौदा संशोधनों पर प्रतिक्रिया देने को कहा है। इस कदम से उपयोगकर्ताओं को कृत्रिम और प्रामाणिक जानकारी में अंतर करना संभव होगा।

## छठ पर घर जाने वालों के लिए अगले पांच दिनों में चलाई जाएंगी 1500 विशेष ट्रेनें

एजेंसी

नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल ने व्यापक इंतजाम किए हैं। छठ पर्व के अवसर पर अगले पांच दिनों में 1500 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। यानी औसतन प्रतिदिन 300 ट्रेनें चलेंगी, ताकि हर यात्री सुरक्षित और आरामदायक तरीके से अपने घर पहुंच सके।

रेल मंत्रालय के अनुसार, नियमित ट्रेनों के अलावा पिछले 21 दिनों में 4,493 विशेष ट्रेन चलाई गई हैं, जिनका औसत प्रतिदिन 213 ट्रिप्स रहा। इन विशेष ट्रेनों ने दीपावली के अवसर पर यात्रियों को समय पर अपने घर पहुंचने में बड़ी सुविधा दी है। भारतीय रेल एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक 61 दिनों की अवधि में 12 हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चला रही है। अब तक 11,865 ट्रिप्स (916 ट्रेनों) की अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जिनमें 9,338



आरक्षित और 2,203 अनारक्षित ट्रिप्स शामिल हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जब 7,724 पूजा और दीपावली विशेष ट्रेनें चलाई गई थीं।

रेल मंत्रालय के अनुसार, 21 से 31 अक्टूबर के बीच लगातार विशेष ट्रेनों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

21 अक्टूबर को 282 विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जबकि 22 अक्टूबर को 285 और 23 अक्टूबर को 295 ट्रिप्स अधिसूचित की गईं। 24 अक्टूबर को यह संख्या बढ़कर 303 हो जाएगी और 25 अक्टूबर को सर्वाधिक 311 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 26 अक्टूबर को 305 ट्रिप्स संचालित होंगी, जबकि 27 अक्टूबर को 286, 28 एवं 29 अक्टूबर को 242-242 विशेष ट्रेनें चलेंगी। इसके बाद 30 एवं 31 अक्टूबर को 263-263 विशेष ट्रिप्स का संचालन किया जाएगा।

रेलवे ने न केवल अतिरिक्त ट्रेनें चलाई हैं बल्कि यात्री सेवाओं और सुविधाओं में भी सुधार किया है। 19 अक्टूबर को सूरत के उधना स्टेशन से 36 हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा की- जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर, होल्डिंग एरिया और भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई।

यात्रियों ने इस बार रेलवे की स्वच्छता, सुरक्षा और सेवा स्तर की प्रशंसा की है। जबलपुर स्टेशन की स्वच्छता और सुव्यवस्था, बेंगलुरुऽकोलकाता ट्रेन की स्वच्छ कोच व्यवस्था तथा अहमदाबाद स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों की सहायता जैसी पहलें यात्रियों के अनुभव को बेहतर बना रही हैं।

## ऑपरेशन 'सिंदूर' पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा : राजनाथ सिंह

- घरेलू रक्षा उत्पादन एक दशक में बढ़कर रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) की पुस्तक के विमोचन समारोह में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के अद्वितीय समन्वय और एकीकरण को सराहा। उन्होंने कहा



कि इसी एकजुटता के चलते भारत ने पाकिस्तान को चारों खाने चित्त कर दिया। यह ऐसा आघात था, जिसे पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा। रक्षा मंत्री ने पुस्तक 'सिविल-मिलिट्री फ्यूजन एज़ अ मेट्रिक ऑफ़ नेशनल पावर एंड कॉमप्रिहेंसिव सिक्योरिटी' की एक प्रमुख बात पर ज़ोर देते हुए कहा कि सिविल-मिलिट्री फ्यूजन को केवल एकीकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रवर्तक के रूप में देखा जाना चाहिए। यह फ्यूजन तभी संभव है, जब हम अपने सिविल उद्योग, निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत और रक्षा क्षेत्र को एक साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जोड़ें। इससे हमारी आर्थिक उत्पादकता और रणनीतिक बढ़त बढ़ती है।

राजनाथ सिंह ने मुख्य चुनौतियों की पहचान करने और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों को ध्यान में रखते हुए सैन्य क्षेत्र में नागरिक तकनीकी क्षमताओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

## जन समस्याओं के प्रति बनें संवेदनशील, कराएं त्वरित समाधान : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर में गोवर्धन पूजा में हुए शामिल, प्रदेशवासियों को दी बधाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे



लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए, सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

दीपावली के दिन से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जहां पैमाइश की जरूरत हो, वहां पैमाइश कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाए।

## दुनिया को उम्मीद की किरण दिखाते रहें भारत और अमेरिका : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर बधाई और शुभकामनाओं के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देते हुए कामना की है कि दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को उम्मीद की किरण दिखाते रहें और हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इससे पहले श्री ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में टीप जलाकर दीपावली मनाई और श्री मोदी को फोन कर बधाई तथा शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान भारत की रूस से तेल की खरीद और

- प्रधानमंत्री मोदी ने दीपावली की शुभकामनाओं के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का जताया आभार

व्यापार के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

श्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी की स्थायी मज़बूती पर ज़ोर दिया और आतंकवाद से निपटने तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को



बढ़ावा देने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा, '' राष्ट्रपति ट्रम्प आपके फ़ोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। प्रकाश के इस पर्व पर, हमारे दो महान लोकतंत्र विश्व को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट रहें।''श्री ट्रंप ने दीपावली पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा, ''मैंने आज ही आपके प्रधानमंत्री से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही।'' उन्होंने कहा, '' हमने कुछ ही समय पहले बात की थी कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध न हो। यह बातचीत बहुत अच्छी रही थी। '' राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों के बीच बहुत विषयों बात हुई, लेकिन उनमें व्यापार प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री की व्यापार में बहुत रुचि है। श्री ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने इस दौरान भारत के रूस से तेल की खरीद पर भी बात की और भारत रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा कि भारत भी चाहता है कि रूस और यूक्रेन युद्ध बंद हो जाये और वह रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदने जा रहा।

## लखीमपुर खीरी में स्लीपर बस में लगी आग, डेढ़ दर्जन झुलसे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के खीरी जिले के मैगलगंज के मुख्य चौराहे पर बुधवार तड़के एक स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। यात्रियों ने खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। गए। इस घटना डेढ .दर्जन यात्री मामूली रूप से झुलस गए।

जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के मैगलगंज कस्बे में मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह एक डग्गामार स्लीपर बस में आग लग गई । इसमें लगभग 100 यात्री सवार थे। यह बस दिल्ली जा रही थी और



मैगलगंज चौराहे पर यात्रियों को उतारने और नाश्ता आदि के लिए रुकी थी। इसी दौरान बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखा और चंद पलों में आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। दहशत में कई यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों से जैसे तैसे बाहर निकले तो कई ने कूद कर अपनी जान बचाई।

## संक्षिप्त

### बांदा में अवैध वसूली के आरोपी थानाध्यक्ष निलंबित

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में अवैध वसूली के मामले में एक आरक्षी सहित थानाध्यक्ष बदौसा को निलंबित कर दिया गया। बुधवार को यहां जारी एक पुलिस विज्ञप्ति में बताया गया कि दैनिक भास्कर डिजिटल ऐप ग्रुप में वायरल एक वीडियो जिसमें मोरंग से भरे एक ट्रेलर से अवैध वसूली का मामला सामने आया। अवैध वसूली के मामले के वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थानाध्यक्ष बदौसा कुलदीप कुमार तिवारी और आरक्षी अनुराग यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पुलिस सूचना में बताया गया कि इस प्रकारण की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक मेविश टॉक को सौंपी गई और अन्य विभागीय व अनुशासनात्मक प्रक्रिया भी शुरू की गई।

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रंप उजागर कर जाते हैं : कांग्रेस

नई दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कहा है कि श्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई । लेकिन प्रधानमंत्री ने सिर्फ इतना बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा ''जहाँ प्रधानमंत्री मोदी बातों को छुपा जाते हैं, वहीं राष्ट्रपति ट्रंप उन्हें उजागर कर देते हैं।

### रेजीडेंसी बनेगी सांस्कृतिक पर्यटन का नया केंद्र : जयवीर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लखनऊ रेजीडेंसी परिसर में भव्य लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ किया गया है। यह आकर्षक प्रस्तुति दर्शकों के समक्ष लखनऊ की समृद्ध धरोहर, पारंपरिक खानपान, स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई भूमिका, वीर क्रांतिकारियों के अदम्य साहस तथा शहर से जुड़े विविध ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दर्शक न केवल रेजीडेंसी के इतिहास से परिचित होंगे, बल्कि वे उस दौर की संघर्ष गाथा और साहसिक घटनाओं को भी अनुभव कर सकेंगे।

## समुद्री चरण पूरा करके भारतीय युद्धपोत जापान के योकोसुका बंदरगाह पर पहुंचा

- 'जैमेक्स' अभ्यास दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' का आधार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का पोत आईएनएस सह्याद्रि जापान के साथ समुद्री चरण का अभ्यास पूरा करके हार्बर चरण के लिए योकोसुका में बंदरगाह पर पहुंच गया है। स्वदेश निर्मित शिवालिक श्रेणी के इस गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट के साथ समुद्री



चरण में उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्ध और मिसाइल रक्षा अभ्यास शामिल थे। भारत और जापान की नौसेनाओं के बीच 'जैमेक्स' अभ्यास 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' का आधार है। नौसेना के मुताबिक योकोसुका पहुंचने से पहले जापान-भारत समुद्री अभ्यास 16 से 18 अक्टूबर तक हुआ, जिसमें आईएनएस सह्याद्रि और जापानी पोत असाही, ओमी और पनडुब्बी जिनरयू ने भाग लिया। समुद्री चरण में उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्ध और मिसाइल रक्षा अभ्यास शामिल थे।

## बिहार को लालू-तेजस्वी ने किया कलंकित : केशव प्रसाद मौर्य

- हायाघाट में गरजे केशव प्रसाद, बोले- महागठबंधन का बिहार में कोई भविष्य नहीं
- रामलला का भव्य मंदिर बना, अब सीता मईया का भी बनेगा मंदिर

एजेंसी

दरभंगा। बिहार में मिथिला की धरती दरभंगा जिले के हायाघाट में बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक विशाल जनसभा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार प्रदेश चुनाव



के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए बिहार चुनाव की पूरी रणनीति जनता के सामने खोल दी।

जनसभा को संबोधित करने से पहले केशव प्रसाद मौर्य ने सीता मईया की धरती को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि छह नवम्बर को कमल का बटन दबाकर एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र को भारी मतों से विजयी बनाएं।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने पहले भी विकास की राह चुनी थी, अब उस गति को और तेज करने का वक्त है। यह चुनाव सिर्फ बिहार का नहीं है, यह देश के सम्मान का चुनाव है। जिन लोगों ने बिहार की पहचान गुण्डागर्दी, भ्रष्टाचार और परिवारवाद से जोड़ दी थी, उन्हें जनता बार-बार जवाब दे चुकी है।

उप मुख्यमंत्री ने लालू-तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर बिहार की बदनामी किसी ने की है तो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने की है। आज समय है उससे बाहर निकलने का। याद रखिए- नरेन्द्र मोदी और कमल का फूल ही बिहार का विकास कर सकते हैं।

सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार के विकास के लिए जनता को सही दिशा में मतदान करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास करना है कि नहीं? जब भीड़ ने जोरदार 'हां' में जवाब दिया तो उन्होंने आगे कहा कि तो फिर लक्ष्मीजी चाहिए कि नहीं चाहिए? लक्ष्मीजी लालटेन में नहीं बैठेंगी, वो कमल के फूल पर बैठकर ही आएंगी। तभी हायाघाट का और बिहार का विकास होगा।

मौर्य ने जनता से अपील की कि मोदी और नीतीश के नेतृत्व को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि बीच में रंग में भंग डालने वाले बहुत लोग आएंगे, लेकिन परवाह मत करना। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद अब बिहार में भी एनडीए की सरकार बनाकर महागठबंधन को दिखा दो कि बिहार में उनका कोई भविष्य नहीं है। जनसभा में उपस्थित भीड़ ने बार-बार जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से पूरा मैदान गुंजा दिया।

# पुलिसकर्मियों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य पूंजी : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिज़र्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस समारोह में प्रदेश पुलिस के वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य पूंजी है, जिसे हम कभी भूल नहीं सकते। उनकी स्मृतियां हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा का अमर संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4,061.87 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। शहीदों के परिवारों के लिए संवेदनशील है प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश के तीन बहादुर पुलिसकर्मियों एसटीएफ निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और आरक्षी सौरभ कुमार (गौतमबुद्ध नगर) ने अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ हर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 96 पुलिस कर्मियों (केंद्रीय बलों एवं अन्य राज्यों के मूल निवासी यूपी के पुलिसकर्मी सहित) को कुल 30.70 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पुलिस बल के मनोबल, कार्यकुशलता और व्यावसायिक दक्षता को सशक्त करने के लिए कई अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों की सेवानिवृत्ति और मृत्यु के उपरांत 90



प्रतिशत जीपीएफ के 2,511 प्रकरणों का भुगतान किया गया, जबकि उत्तर प्रदेश सामान्य भविष्य निधि नियमावली 1985 के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय संभाग के 108 पुलिस कार्मिकों को अग्रिम धनराशि स्वीकृत की गई। 234 पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों को 51.10 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई तथा 1.12 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 519 मामलों में 11.85 करोड़ रुपये की चिकित्सा प्रतिपूर्ति दी गई, जबकि 170 कर्मियों को जीवन रक्षक निधि से 6.64 करोड़ रुपये अग्रिम दिए गए। 374 मृतक पुलिस कर्मियों के आश्रितों को 11.86 करोड़ की बीमा धनराशि और 124 आश्रितों को बैंक ऑफ बड़ौदा के 'बड़ौदा पुलिस सैलरी पैकेज' से 67.76 करोड़ रुपये का भुगतान कराया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों के सम्मान में 34 कर्मियों को राष्ट्रपति वीरता पदक, 11 को विशिष्ट सेवा पदक और 145 को सराहनीय सेवा पदक मिले हैं। गृह मंत्रालय ने 763 कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, जबकि 486 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए हैं। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक तीन राजपत्रित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा 90 राजपत्रित और 404 अराजपत्रित कर्मियों को सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं 35 प्लेटिनम, 115 गोल्ड और 789 सिल्वर प्रशंसा चिन्ह भी दिए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी पुलिस ने भर्ती और प्रशिक्षण में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2017 से अब तक 2.09 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है, जिनमें 34,000 महिलाएं शामिल हैं। वर्तमान में 28,154 पदों पर भर्ती और 2,391 पर पदोन्नति प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि 60, 244 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को हाइब्रिड मॉडल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें शारीरिक, कानूनी, तकनीकी, साइबर अपराध और एआई आधारित सिमुलेशन अभ्यास शामिल हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए पुलिस अन्य उपलब्धियां गिनाईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश की सबसे बड़ी और सबसे अनुशासित पुलिस फोर्स है। यह हमारे सुरक्षा, विश्वास और व्यवस्था की रीढ़ है। मैं सभी पुलिसकर्मियों से अपेक्षा करता हूँ कि वे जनसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की भावना से कार्य कर उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, संवेदनशील और आधुनिक राज्य बनाने का संकल्प निरंतर निभाएं।

## मुख्यमंत्री ने बलिदानी पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

लखनऊ। पुलिस स्मृति दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने यूपी के तीनों बलिदानी पुलिस कर्मियों के परिजनों से मुलाकात की और उनका सम्मान किया। रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर प्रदेश पुलिस के उन तीन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच बदमाशों से मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति दी। इनमें अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के एसटीएफ के निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और आरक्षी सौरभ कुमार (गौतमबुद्ध नगर) शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं जांबाज पुलिसकर्मियों के साहस और बलिदान से उत्तर प्रदेश पुलिस ने अतीत की अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए आज विश्व के सबसे बड़े और सशक्त पुलिस बल के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक हमारे उन जांबाजों की याद दिलाता है, जिन्होंने कर्तव्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा बना रहेगा। समारोह की शुरुआत परेड कमांडर द्वारा मुख्यमंत्री को सलामी देने के साथ हुई। नारी शक्ति और शोक पुस्तिका की वाहक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक (अभिसूचना मुख्यालय) आभा पांडेय ने सीएम योगी को पुस्तिका सौंपी। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने वीरगति प्राप्त शहीदों के जीवन परिचय और उनके अदम्य साहस की जानकारी दी। शोक पुस्तिका को शहीद स्मारक पर स्थापित किया गया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपावली पर अखिलेश के बयान की भाजपा-विहिप ने की भर्त्सना

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने दीपावली पर्व पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान की भर्त्सना करते हुये कहा है कि हिन्दू परंपरा का अपमान करने का उन्हे कोई अधिकार नहीं है। सपा प्रमुख के सुझाव कि भारत को शहरों में क्रिसमस मनाने के तरीके से ''सीखना'' चाहिए इसकी भाजपा और विहिप ने तीखी आलोचना की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा, अखिलेश यादव का दिये जलाने को लेकर दिया गया बयान डीएमके के 'सनातन धर्म के उन्मूलन' वाले रुख और राहुल गांधी की हिंदू धर्म पर टिप्पणी से प्रभावित है। ये वही लोग हैं जो पहले राम मंदिर के खिलाफ थे और अब दिवाली मनाने के भी खिलाफ हैं। उन्होंने कहा , राम मंदिर आंदोलन का विरोध करने, अयोध्या को वर्षों तक अंधेरे में रखने और राम भक्तों पर हमला करने में गर्व महसूस करने वाली पार्टी अब दीपोत्सव के लिए शहर की सजावट का विरोध कर रही है। त्यागी ने कहा, जब उन्होंने (अखिलेश) सैफई में उत्सव मनाया, जिससे आम लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, तो उन्हें गर्व महसूस हुआ, लेकिन अयोध्या में, जहाँ हज़ारों छोटे विक्रेता अपनी आजीविका कमा रहे हैं, कुछ लोग असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। उन्होने कहा, दिवाली हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है। यह केवल रोशनी का त्योहार नहीं है, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश देता है। दीये और मोमबत्तियाँ हमारी परंपरा का हिस्सा हैं, जो हर घर की भावना और भक्ति का प्रतीक हैं। इन्हें 'पैसे की बर्बादी' कहना न केवल अनुचित है, बल्कि हिंदू आस्था का अपमान भी है। त्योहारों की तुलना करने के बजाय, अखिलेश यादव को भारत की विविध परंपराओं का सम्मान करना चाहिए – यही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने भी अखिलेश की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा , ज़रा सुनिए, उत्तर प्रदेश के यह पूर्व मुख्यमंत्री दिवाली के मौके पर क्रिसमस की तारीफ़ कर रहे हैं। दीयों की कतारों ने उनका दिल इतना जला दिया है कि वे एक अरब हिंदुओं को उपदेश दे रहे हैं कि 'दीयों और मोमबत्तियों पर पैसा बर्बाद मत करो, क्रिसमस से सीखो। जब ईसाई धर्म का अस्तित्व भी नहीं था, तब से ही दिवाली रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ मनाई जाती रही है। अब हिंदू समाज को ईसाइयों से सीखने की शिक्षा दी जा रही है! भगवान राम और भगवान कृष्ण की पावन धरती पर, ऐसे नेताओं के संरक्षण में अवैध धर्मांतरण फल-फूल रहा है, जिन्होंने अपने मंत्रिमंडल में अपराधियों और अतिवादियों को भर रखा है। गौरतलब है कि विश्व स्तर पर त्योहारों के मनाए जाने के बारे में बोलते हुए, यादव ने कहा था कि, मैं कोई सुझाव नहीं देना चाहता। लेकिन मैं भगवान राम के नाम पर एक सुझाव ज़रूर दूँगा। दुनिया भर में, क्रिसमस के दौरान सभी शहर जगमगा उठते हैं, और यह महीनों तक चलता रहता है। हमें उनसे सीखना चाहिए। हमें दीयों और मोमबत्तियों पर पैसा क्यों खर्च करना पड़ता है और इसके लिए इतना सोचना क्यों पड़ता है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा था हम इस सरकार से क्या उम्मीद कर सकते हैं; इसे हटा देना चाहिए।

### तेजस्वी का तेज समाप्त, जो यशस्वी है, वह नीतीश कुमार ही रहेंगे : डॉ दिनेश शर्मा

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने महागठबंधन और आरजेडी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि सब जानते हैं कि तेजस्वी का तेज समाप्त हो चुका है। इसके बाद जो यशस्वी है, वह नीतीश कुमार ही रहेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि महागठबंधन में नेतृत्व का असंतुलन और व्यक्तिगत रवैया गठबंधन की कमजोरियों को उजागर करता है। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जातिवादी और सांप्रदायवादी दोनों है, और उनकी राजनीति का सारा दायरा दूसरी जातियों को गाली देने और हिंदू-मुसलमानों को लड़ाने में ही बीतता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरजेडी के पास अपना पॉलिटिकल एजेंडा नहीं है। उनका कहना था कि महागठबंधन की स्थिरता पर भी संदेह है और गठबंधन बनने से पहले ही यह टूटने की कगार पर है। उन्होंने यह भी कहा कि सहयोगी दलों में तेजस्वी यादव के एकतरफा तानाशाही रवैये के कारण काफी असंतोष है।

## भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ : अखिलेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा हो रहा है। श्री यादव ने 'एक्स' पर एक वीडियो जारी करते हुए लिखा ल्ल भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा हो रहा है उसका मूल कारण वसूली करनेवाले नहीं हैं बल्कि वो 'मुख्य सत्ताधारी' लोग हैं जो वसूली करवा रहे हैं क्योंकि उनकी आपस की लड़ाई बहुत बड़ी है और पद की प्रधान महत्वाकांक्षा भी। उन्होंने कहा कि वसूली, घूस, कमीशन और चंदे से जमा किये जा रहे अकूत धन से दरअसल 'महापद' की तैयारी हो रही है। मुख्यकोष को प्रधानकोष से बड़ा किया जा रहा है क्योंकि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की यही परंपरा रही है कि जिसके पास 'महाकोष' की व्यवस्था होगी, उस की ही प्रधान दावेदारी होगी। महापद की इस प्रतिस्पर्धा में वसूली के कारण हर चीज़ का दाम बढ़ रहा है और आख़िर में इस रस्साकशी में आम जनता को सब ख़ामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरने में लगातार जुटे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर वह सवाल उठा चुके हैं। अभी हाल में उन्होंने कहा था कि उन्होंने कहा कि अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत कई जिलों में भाजपा समर्थकों ने अवैध रजिस्ट्रियां कर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाया है, जबकि गरीब जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में अवैध खनन, सरकारी जमीनों पर कब्जा और जानवरों के अवैध व्यापार को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी हैं। कई जिलों में पानी की टंकियां और पाइपलाइनें फट गईं, जबकि सड़कों के गड्ढामुक्त अभियान में भी भारी घपले हुए हैं।

## लखनऊ में जमघट पर दिखा सियासी तड़का, आसमान में दिखेंगे मोदी-योगी और अखिलेश की पतंगों के दावपेंच

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपावली के अगले दिन जमघट पर सियासी तड़का के साथ भारतीय सेना के शौर्य का परचम देखने को मिला। आकाश में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के चित्रों वाली पतंगों के पेंच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच लड़ते देख कर लोगों ने खूब आनंद उठाया। ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पतंगों की भी मांग खूब रही है। लखनऊ में दीपावली के अगले दिन लखनऊ में जमघट का पर्व मनाया जाता है, जिसमें आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाई जाती हैं। इस बार जमघट पर सियासी रंग भी चढ़ा हुआ है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और अन्य नेताओं की तस्वीरों वाली पतंगें उड़ती दिखीं। जमघट के दिन लखनऊ का आसमान इन सियासी पतंगों से भरा



दिखा। नेताओं की तस्वीरें और नारे लिखी पतंगें खूब दिखीं। बिहार चुनाव के चलते भी इस बार पतंगों पर सियासत का खुमार चढ़ा दिखा। पतंगों पर महागठबंधन से लेकर नीतीश-मोदी और योगी के चित्र लोगों को खूब आकर्षित किया। हुसैनगंज स्थित पतंग दुकानदार नसीम अहमद ने बताया कि दीपावली के अगले दिन से ही जमघट में होने वाली पतंगबाजी को लेकर बिक्री शुरू हो जाती है, लेकिन जमघट की पूर्व संध्या पर रौनक अपने चरम पर होती है। उन्होंने बताया कि लोग दर्जनों की संख्या में अलग-अलग डिजाइन की पतंगें खरीदी। साथ ही मांझे के नए किस्म और मजबूत धागों की भी खूब मांग है। पतंग दुकानदार का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी हुसैनगंज का इलाका पतंगबाजी का केंद्र बन गया है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पतंगों की सबसे ज्यादा मांग है। कुछ दुकानों पर बॉलीवुड और कार्टून कैरेक्टर वाली पतंगें भी बच्चों को खूब लुभा रही हैं। वहीं राजनेताओं की पतंगों का अलग ही मांग है। पतंगबाज पीएम मोदी और योगी के साथ अखिलेश यादव वाली पतंगों को भी जमकर ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लखनऊ के हुसैनगंज, चौक और अमीनाबाद के बाजारों में जमघाट के अवसर पर खास तैयारियां रहती हैं। कई परिवार पतंग उड़ाने को पारंपरिक आनंद का हिस्सा मानते हैं। आसमान में उड़ती पतंगें एक बार फिर पुराने लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंतता देखने को मिली। जमघट सिर्फ पतंगबाजी नहीं, बल्कि मिलन और खुशियों का एक माध्यम है, जो हर साल लखनऊ के आसमान को रंगों और उल्लास से भर देता है। इस बार बिहार चुनाव का तड़का और ऑपरेशन सिंदूर का क्रेज भी पतंगबाजों के सिर चढ़कर बोल रहा है और आकाश में उनके दावपेंच देखे जा रहे हैं।

### रामभक्त सपा को कभी माफ नहीं करेगा : मनीष शुक्ला

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने देश में चल रहे राजनीतिक इस्लाम को लेकर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रामभक्तों का विरोधी और कंस व दुर्योधन पसंद करने वाला बताया है। मनीष शुक्ला ने बुधवार को जारी अपने एक बयान में बताया कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में ब्रिटिश उपनिवेश की चर्चा होती है। फ्रांसीसी उपनिवेश की चर्चा होती है, लेकिन ल्लराजनीतिक इस्लामङ्क की चर्चा नहीं होती है, जिसने सनातन आस्था पर सबसे ज्यादा कुठाराघात किया। पूर्व में हमारे पूर्वजों ने राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी, जिसकी चर्चा नहीं होती। उन्होंने कहा कि देश के अंदर लव जिहाद और धर्म परिवर्तन हो रहा है, जो छद्म नाम से किया जा रहा है। बलरामपुर में एक व्यक्ति जो छांगुर कालनेमी की तरह काम कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि सामान खरीदते समय देखे कि उसमें हलाल तो नहीं है और प्रोडक्ट में हलाल लिखा होता था, जिसका पैसा देश के खिलाफ होता था। भाजपा प्रवक्ता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखी हमला बोला। कहा कि अखिलेश को गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। अखिलेश को कंस और दुर्योधन पसंद हैं। सपा को रामभक्त कभी माफ नहीं करेगा।

## गोरखपुर-हरियाणा के बीच बनेगा 700 किमी लंबा एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेस वे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर से शामली तक बनने वाले एक्सप्रेसवे का विस्तार हरियाणा के पानीपत तक किया जाएगा। अधिकारियों की मानें तो अब राज्य के पूर्वी क्षेत्र गोरखपुर को हरियाणा के पानीपत से जोड़ने वाले लगभग 700 किलोमीटर लंबे एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे की योजना पर तेज़ी से काम कर रहा है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि पानीपत में कपड़ा, कृषि-आधारित, लकड़ी-फर्नीचर, कागज़ उद्योगों सहित 4000 से अधिक औद्योगिक इकाइयां हैं, वहीं उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में मज़दूर हरियाणा में काम करने जाते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित एक्सप्रेसवे द्वारा सुनिश्चित बेहतर कनेक्टिविटी दोनों राज्यों के बीच व्यापार के नए रास्ते खोलेगी। एक्सप्रेसवे में चार-छह लेन होंगे, जिन्हें आठ लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। नए एक्सप्रेसवे पर काम 2026 में शुरू होने की संभावना है। यह राज्य के कई ज़िलों, विशेष रूप से



पूर्वी उत्तर प्रदेश को जोड़ेगा, जो अपने हस्तशिल्प, कपड़ा और कृषि-आधारित उत्पादों के लिए जाना जाता है और जिनके ज़िले ''एक ज़िला, एक उत्पाद'' (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत विशेषज्ञता रखते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उदाहरण के लिए, सिद्धार्थनगर के कालानमक चावल की बहुत माँग है और यहाँ तक कि इसका निर्यात भी किया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक (तकनीकी) अंकित वर्मा ने कहा, ''इस समय डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) पर काम चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि नियंत्रित सड़क प्रणालियों के तहत दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो जाती है।वाहनों के बेवजह प्रवेश से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। गौरतलब है कि अब तक का सबसे लंबा माना जा रहा यह एक्सप्रेसवे सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखनऊ, सीतापुर, मेरठ, अमरोहा और पीलीभीत से होकर बरेली और मुरादाबाद तक जाएगा। इस एक्सप्रेसवे का अधिकांश हिस्सा ग्रीनफील्ड होगा। शुरुआत में, गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे की योजना बनाई गई थी, लेकिन अब इसे पानीपत तक बढ़ा दिया गया है। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार, डीपीआर में एक्सप्रेसवे का संरेखण और अन्य आवश्यकताएँ शामिल होंगी। राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण में मदद करेगी। डीपीआर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कई बातों पर ध्यान देना होगा। इनमें पेड़ों की न्यूनतम कटाई, यात्रियों की संख्या और ज़रूरत पड़ने पर प्रमुख सड़कों एवं राजमार्गों को जोड़ना शामिल है। अधिकारियों ने कहा, ''कुछ बिंदुओं पर, उत्तर प्रदेश में लोगों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए राज्य को सड़कों को जोड़ने की ज़रूरत पड़ सकती है। डीपीआर को अंतिम रूप देने से पहले ऐसी किसी भी सिफारिश पर विचार किया जाएगा।'' निर्माण कार्य को कई पैकेजों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक खंड 50 किमी से 70 किमी तक लंबा हो सकता है।

### बीजेपी के पूर्व विधायक राम सरोज का निधन, लखनऊ पीजीआई में ली अंतिम सांस

**लखनऊ।** भारतीय जनता पा (भाजपा) के वयोवृद्ध नेता और पूर्व विधायक सोमारु राम सरोज का मंगलवार शाम लखनऊ के संजय गांधी स्नाकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वह करीब 85 वर्ष के थे । जिले की राजनीति में अपनी सादगी, जनसेवा और ईमानदार छवि के लिए पहचान रखने वाले पूर्व विधायक के निधन की सूचना पर यहां शोक की लहर फैल गयी। राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार श्री सरोज पिछले चार महीने से बीमार चल रह थे। 28 सितंबर को उनकी तबीयत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां शाम लगभग छह बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पुत्र एवं समाजवादी पार्टी नेता संजय सरोज ने बताया कि शिपताजी पिछले चार माह से बीमार थे। डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन आज शाम छह बजे उन्होंने हमें सदा के लिए छोड़ दिया। देर रात तक उनका पार्थिव शरीर पैतृक निवास जौनपुर जिले में केराकत तहसील के पतौरा गांव लाया गया।

## मुख्यमंत्री योगी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए 1000 कुंतल गेहूं बीज सहायता वाहनों को किया रवाना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास से पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों की सहायता हेतु 1000 कुंतल गेहूं के बीज सहायता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और शांतिपूर्वक वातावरण में मनाया जा रहा है। दीपावली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और शांतिपूर्वक वातावरण में मनाया जा रहा है। उत्सव का वास्तविक आनंद तभी है, जब हम किसी पीड़ित को जोड़कर उसकी सहायता के लिए खड़े हों। इसी भावना के साथ आज इस कठिन समय में उत्तर प्रदेश सरकार पंजाब के अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आपदा का सामना पंजाब के किसान अकेले नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार (भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार) हर आपदा-पीड़ित नागरिक के साथ खड़ी है। चाहे वह राहत सामग्री के रूप में सहायता हो, आर्थिक सहयोग हो या पुनर्वास का प्रयास। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर किसानों को सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाएंगे। हर जरूरतमंद के साथ है उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंजाब हमारे देश का एक प्रमुख राज्य है। पंजाब स्वतंत्र भारत में कृषि आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इस वर्ष वहां हुई अतिवृष्टि (अति वर्षा) के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यहां तक कि किसानों द्वारा सुरक्षित रखे गए बीज भंडार भी बाढ़ की चपेट में आने से नष्ट हो गए, जिससे आगामी फसलों पर गंभीर प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। इसी भावना के साथ आज कृषि विभाग एवं उत्तर प्रदेश बीज एवं विकास निगम की ओर से ढाई हजार बोरे यानी 1000



कुंतल गेहूं का बीज पंजाब भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि जब पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड में बाढ़ आई थी, तब उत्तर प्रदेश सरकार ने इन राज्यों के लिए राहत सामग्री भेजी थी और साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से धनराशि भी उपलब्ध कराई थी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। रोग प्रतिरोधी और पोषणयुक्त प्रजाति का है बीजमुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब के किसानों के लिए भेजा जा रहा 1000 कुंतल गेहूं बीज ''बीबी-327'' प्रजाति का है, जिसे करण शिवानी के नाम से भी जाना जाता है। यह रोग-प्रतिरोधी, बायो-फोर्टीफाइड और पोषणयुक्त प्रजाति है, जो केवल 155 दिनों में तैयार होती है और लगभग 80 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक की उपज देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह बीज न केवल पंजाब के किसानों के लिए सहायक सिद्ध होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश बीज एवं विकास निगम की प्रगति और दक्षता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब वर्तमान सरकार ने कार्यभार संभाला था, उस समय निगम की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। आज यह निगम लगभग 148 करोड़ रुपये के लाभांश पर संचालित हो रहा है। केवल एक वर्ष में 37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि यदि संस्थाएं समर्पण और ईमानदारी से कार्य करें, तो वे न केवल लाभ अर्जित कर सकती हैं बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान और हमारे संस्थान मिलकर आत्मनिर्भर भारत की नींव को सुदृढ़ कर रहे हैं। इसी क्रम में बहुत शीघ्र ही लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की स्मृति में ल्लसीड पार्कङ्क की स्थापना की जाएगी। इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। गुरु हरगोविंद जी महाराज का जीवन सेवा और त्याग की प्रेरणामुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के साथ-साथ गुरुओं की पावन धरा पंजाब में सिख परम्परा के षष्टम गुरु हरगोविंद जी महाराज की जयंती भी मनाई जा रही है। उनके जीवन से सेवा, त्याग और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने 52 से अधिक राजाओं को कैद से मुक्ति दिलाकर मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कहा जाता है कि जब गुरु हरगोविंद महाराज हरमंदिर साहिब पहुंचे, तो उनके आगमन की खुशी में पूरे पंजाब में दीप जलाए गए थे। उसी प्रकार जैसे प्रभु श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर दीपावली मनाई जाती है। इसीलिए दीपों का यह पर्व पंजाब में भी गुरु हरगोविंद जी महाराज के आगमन की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर पंजाब के सभी भाइयों-बहनों, विशेषकर अन्नदाता किसानों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## महागठबंधन कोई फार्मूला अपना लें, बिहार में एनडीए सरकार ही आयेगी: डॉ. निषाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की सहयोगी निषाद पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने मंगलवार को दावा किया कि बिहार में आने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लोगों को सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि देने के उद्देश्य के साथ काम करेगी। डॉ निषाद ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि महागठबंधन कोई फार्मूला अपना लें, बिहार में राजग सरकार ही आएगी। मैं पहले भी कहा था कि 'बटुरेजोगी मठ उजाड़' हैं। किसी भी गठबंधन का एक धर्म और एक सिस्टम होता है, उसके हिसाब से काम होता है। यहाँ तो बिना सिस्टम के ही सारे लोग अपना काम कर रहे हैं। इसलिए यह सब लोग राजनीति को केवल पेशा बना रखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने राजनीति के नए आयाम शुरू किए हैं, जिसमें जनता को केवल वोट के माध्यम से नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष लाभ, सम्मान और सुरक्षा देने पर जोर दिया जा रहा है। विपक्षी गठबंधनों के किसी भी फार्मूले का बिहार की जनता पर कोई असर नहीं होगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व डॉ. निषाद ने कहा था कि बिहार का मछुआ समाज अब पूरी तरह जागरूक और संगठित हो चुका है। वह आगामी विधानसभा चुनाव में अपने हित-अहित और अनुसूचित जाति आरक्षण के मुद्दे को ध्यान में रखकर ही मतदान करेगा। उन्होंने कहा था कि मछुआ समाज जानता है कि उनके आरक्षण से जुड़ा मुद्दा केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही सुलझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज अब किसी के बहकावे में नहीं आएगा और भटकने का काम नहीं करेगा।बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास और स्थिरता का माहौल है।

# प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने गांव को दिए बारात घर, स्वास्थ्य केन्द्र

- शाहपुर बिनौरा में की विकास कार्यों की घोषणा।
- हरियावां के शाहपुर विनौरा गांव पहुंचे प्रभारी मंत्री असीम अरुण गांव बालों को बारात घर सहित स्वास्थ्य केन्द्र की दी सौगात





विधायक उपेन्द्र तिवारी की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ ( हरदोई )।** ब्लाक के शाहपुर विनौरा गांव अचानक पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने गांव बालों को दीपावली का तोहफा दिया है जिसमें प्रभारी मंत्री ने गांव में बारात घर सहित स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने की स्वीकृति प्रदान कर दीपावली का उपहार दिया है। आज जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण शाहाबाद विधानसभा की विधायक उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के पति बिलग्राम विधानसभा के पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे थे कार्यक्रम में शामिल होने के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री को लखनऊ जाना था लेकिन अचानक अपने पास काम करने वाले हरियावां के शाहपुर निवासी कपिल सक्सेना के आग्रह पर उसके गांव शाहपुर बिनौरा पहुंच गए प्रशासनिक अधिकारियों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई तो मौके पर सीओ हरियावां एसडीएम सदर सहित तमाम अधिकारी भी शाहपुर विनोरा पहुंच गए।

इस दौरान प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने शाहपुर पहुंचकर कपिल सक्सेना व उसके परिजनों से मुलाकात कर दीपावली की बधाई दी साथ ही शाहपुर विनौरा निवासी अनुज सिंह के आवास पर भी पहुंचे जहां ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी ग्रामीणों के आग्रह पर प्रभारी मंत्री ने गांव के लिए एक बारात घर और स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की स्वीकृति देते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया साथ ही गांव के बुजुर्गों को शॉल उड़ाकर सम्मानित भी किया। वही गांव के युवाओं द्वारा गांव स्टेडियम या खेल मैदान न होने की बात प्रभारी मंत्री से कही गई तो प्रभारी मंत्री ने तत्काल एसडीम को निर्देशित कर जल्द ही गांव में एक खेल मैदान चिन्हित करने के लिए निर्देश दिए। मंत्री असीम अरुण इस दौरान लगभग 1 घंटे तक शाहपुर बिनौरा गांव में रहे।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, प्रीतेश दीक्षित, पिहानी ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई, नागेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह, मेवा सक्सेना, सर्वेश सक्सेना, अतुल राज सिंह, मुन्ना सिंह, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था के अर्न्तगत सख्त कार्यवाही की जायेगी: नितिन अग्रवाल



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वत्रंत प्रभार) नितिन अग्रवाल मोहल्ला कृष्ण नगरिया के पीड़ित परिवार के घर जाकर परिवार को सुरक्षा देने की बात कही तथा कोई भी अपराधी, गुण्डा, माफिया इस प्रकार की कोई हरकत दोबारा किसी भी बहन, बेटी या मां के साथ न कर सके, योगी की जीरो टालरेन्स निति के अनुसार कानून व्यवस्था के अर्न्तगत सख्त कार्यवाही की जायेगी।

एक सप्ताह पूर्व गुल्लू सिंह के पुत्र दुर्गा सिंह द्वारा आठ वर्षीय बालिका का आपहरण कर दुराचार करने का प्रयास किया। जिससे नगर में मोहल्ले में भय का वातारण व्याप्त है मोहल्लेवासी डरे व सहमे रहते थे। मंत्री नितिन अग्रवाल से मिलने पर मोहल्ले की महिलाओं एवं दुकानदारों ने शिकायत की कि दुर्गा सिंह बिना पैसे दिए सामान ले जाता था, पैसे छीन लेता था, दुकानों से अवैध वसूली करता था एवं लोगो को डराता व धमकाता था। मंत्री से मोहल्ले वालों ने अपना दुःख दर्द खुलकर कहा, जिस पर मंत्री ने सुरक्षा व दोबारा घटना की पुनरावृत्ती न हो इसका आश्वासन दिया। वहाँ के सभी नागरिकों व महिलाओं की मांगी थी की बाबा मंदिर में पुलिस चौकी स्थापित की जाये, ताकि वहाँ के मोहल्ले वासियों में सुरक्षा व्यवस्था रहे एंव भय का माहौल समाप्त हो सके। इस पर मंत्री ने मौके पर ही जनपद के पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से फोन से बात कर पुलिस चौकी स्थापति कराने के आदेश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सी0ओ0 सिटी अंकित मिश्रा, कोतवाल संजय त्यागी, रामप्रकाश शुक्ला पू0 अध्यक्ष न0पा0, टिंकू त्रिवेदी, प्रीतेश दीक्षित, आकाश सिंह, विजय मिश्रा, प्रदीप पाठक, रानू त्रिवेदी, प्रियम मिश्रा, अंकित अवस्थी, अम्बुज शुक्ला, प्रियांशु त्रिवेदी, उमाकान्त पाण्डेय, मुनी मिश्रा, गौरव शुक्ला, शिवधीश त्रिपाठी, रवि दीक्षित, अजीत सिंह आशा, राजीव सिंह टेनी, आनंद प्रकाश, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह आदि सहित सैकड़ो महिलाएं, मोहल्लेवासी, नागरिकगण तथा दुकानदार मौजूद रहे।

# दीपावली की रात करंट लगने से युवक की मौत



सीएचसी पहुंच परिजनों को ढाढस बंधाते विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना



मृतक रामशंकर कश्यप का फाइल फोटो

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सवायजपुर ( हरदोई )।** कस्बा सवायजपुर में रामशंकर कश्यप निवासी कहरई हाथ से कागज के दोने बनाने का कार्य करता था दीपावली की शाम करीब साढे सात बजे लक्ष्मी पूजन के लिए हाथ पैर धोने सबमर्सिबल के पास गया जहाँ उसे करंट लग गया परिजन उसे गम्भीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और दीपावली पर रामशंकर के जीवन का दीप बुझ गया। विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने सूचना मिलने पर सीएचसी सवायजपुर पहुंच कर संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनो को सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

## महिला को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट हुई दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में एक महिला को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता रामरती पत्नी राजेश्वर के अनुसार 20 अक्तूबर की रात 9 बजे मोहल्ले के राजकुमार पुत्र नन्हे ने अपने भाई अमित और प्रांशु पुत्र राजपाल ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लात घूंसों और डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# प्रशासन की अनदेखी से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बना मार्ग चंद दिनों में ध्वस्त



- अवैध मिट्टी के खनन पर रोक लगाने में प्रशासन नाकाम: ग्रामीण

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे (एनएच 731) से जैतपुर खजोहाना संपर्क मार्ग पर लगातार कई दिनों से दिन रात अवैध मिट्टी खनन का कार्य हो रहा है। सरकारी भूमि व उपजाऊ खेतों से मिट्टी का अवैध खनन का कारोबार कराने वाले खनन माफिया डंपर के माध्यम से लखनऊ हरदोई नेशनल हाइवे (एनएच 731) से ताज पुर संपर्क मार्ग को पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया है। अवैध मिट्टी खनन माफिया इस मिट्टी को औद्योगिक क्षेत्र संडीला पहुंचा रहे हैं। भारी वाहनों के आवागमन से ताजपुर संपर्क मार्ग पूरी तरीके से खराब हो रहा है। इस मार्ग पर पड़ने वाली एक पुलिया भी पूरी तरीके से टूट गई है। लोगों को आवागमन में मुश्किलें पैदा हो रहीं हैं। अवैध खनन के मामले को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत की, लेकिन मिट्टी खनन माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई न होने से माफिया सक्रिय है और उनके हौसले बुलंद हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कोतवाली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन हो रहा है। प्रशासन की लापरवाही के कारण खनन माफिया बेखौफ होकर दिन रात डंपर से मिट्टी भरकर ले जा रहे हैं। यह वाहन अधिकतर बिना नम्बर व इनके चालक ज्यादातर नाबालिग व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के तेज गति से ओवर लोड वाहन चलाते हैं, इनको प्रशासन का संरक्षण प्राप्त हैं। अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद भी चुप्पी साधे हुए बैठे हैं। वहीं फावड़े से परमिशन के नाम पर जेसीबी मशीन व पोकलैंड से मिट्टी खनन कर अधिकारियों की मिलीभगत से राजस्व विभाग को चूना लगाया जा रहा है।

## मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम दहेलिया निवासी अंकित शर्मा पुत्र विनोद शर्मा के अनुसार 20 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे गांव के विशाल पुत्र चंद्रभाल ने अपने भाई सुनील और निराले के साथ मिलकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहन शिवानी उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेली निवासी भोपाल सिंह पुत्र सुखेंद्र सिंह के अनुसार 20 अक्तूबर की रात 9 बजे गांव के गुड्डु सिंह पुत्र महेंद्र ने शराब के नशे में उसे गाली गलौज किया। तो उसके पिता ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसे और उसके पिता सुखेंद्र को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरवा किला निवासी रामेंद्र पुत्र जगन्नाथ के अनुसार 20 अक्तूबर की रात 9 बजे उसके परिवार के रामरूप ने अपने पुत्र अंकित और हिमांशू के साथ उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर आराधना पत्नी अनुज कुमार उसे बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की अलग अलग घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा रोशनी का पर्व दीपावली

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** दिवाली का पावन पर्व बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है। दिवाली को दीपावली या दीपोत्सव के नाम से भी



जाना जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश जी का पूजन होता है। लोग इन लक्ष्मी पूजन के अलावा अपने दोस्तों और करीबियों को प्यार भरी दिवाली की शुभकामनाएं भी भेजते है इस मौके पर संगम डाइग्नोस्टिक सेंटर नटवीर पुलिया हरदोई जहाँ पर सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, हर प्रकार की ब्लड जांच, एक्स-रे, एम0आर0आई0 की सुविधा भी उपलब्ध है। दीपावली के अवसर पर मलिक खान ने अपने सभी कर्मचारी दीपावली उपहार प्रदान कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। आमिर खान राजू संरक्षक, आरती कश्यप मैनेजर फजिया खान, गौरी मिश्रा, नित्या शुक्ला, अर्पिता शोभना,सुरभि बबली संजीव रावत, तुषार, मोहित, सनी, ताहिर, कुलदीप, प्रेमपाल, अर्जुन सिंह, शैलेंद्र राजा आदि आदि कर्मचारियों को दीपावली पर उपहार दिए गए मलिक खान अपनी बात एक शायरी के माध्यम से कहीं घर का कोई कोना दौलत से न खाली हो, सेहत भी रहे अच्छी आपके चेहरे पर लाली हो, हंसते रहें आप और आसपास खुशहाली ही खुशहाली हो, दीपावली की।

## ट्रेन की टक्कर से अज्ञात युवक की मौत

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली कछौना के अंतर्गत लखनऊ हरदोई के मध्य सोमवार देर रात रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है! जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर ने कोतवाली कछौना को दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक लखनऊ की ओर से गाड़ी संख्या 12355 से हरदोई की ओर जा रहा था! रेलवे स्टेशन से पहले 123/181 और 11/1ठ के बीच चेन पुलिंग के कारण ट्रेन रुक गई! जिससे कुछ यात्री ट्रेन से बाहर निकाल कर खड़े हो गए! उनमें से युवक भी रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर फोन पर किसी से बातचीत कर रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी संख्या 12318 की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर कछौना पुलिस मौके पर पहुंची उन्होंने बताया की शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है! प्रभारी निरीक्षक प्रेम सागर सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 26 वर्ष है! उसने नीले रंग की पैंट व टी-शर्ट पहन रखी थी! अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है!

## युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या की

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगत पुरवा चौकी क्षेत्र राघोपुर के गांव में 19 वर्षीय नवयुवक सुबह लगभग ०5:00 अज्ञात कार्णो वस नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग ०5:00 राहुल (19) पुत्र नन्हे उम्र गांव के पूर्व दिशा में घर से लगभग 200 मीटर दूरी पर नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह जैसे ही घरवालों को जानकारी हुई घर में कोहरा मच गया गांव के लोग घर से निकलकर घटनास्थल पर पहुंचने लगे ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका निरीक्षण कर स्थानीय थाने सूचना दी राघोपुर चौकी सिपाहियों ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ के नीचे उतरवाया पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा वही इस घटना से पूरे गांव में त्यौहार की खुशी की जगह पर गमगीन माहौल हो गया मृतक राहुल तीन भाई था जिसमें राहुल दूसरे नंबर का बेटा था राहुल की तीन बहने थी जिनकी शादी हो चुकी है राहुल अपने पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बटाया करता था और बाहर जाकर के दैनिक मजदूरी भी करके घर के भरण पोषण में सहयोग करता था।

## बाइक चालक ने टक्कर मारकर किया घायल, रिपोर्ट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोनी निवासी महिला ने गांव निवासी बाइक चालक के विरुद्ध पति को टक्कर मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण में पीड़िता राजवती के अनुसार 20 अक्तूबर की शाम को उसका पति तेजराम अपने दरवाजे पर खड़ा था तभी गांव निवासी दीपू पुत्र नन्हे ने बाइक संख्या यूपी 32 डीएफ1570 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसके पति को सीएचसी ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सिंघाड़ा फसल की नीलामी 24 अक्टूबर को

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नायब तहसीलदार अहिरोरी ने सूचित किया है कि ग्राम अटवा कटैया परगना गोपामऊ स्थित ऊसर एवं बंजर भूमि जो निचले स्तर होने के कारण बरसात के दिनों में जल भराव होने पर तालाब के रूप में जिसके आंशिक भाग पर अवैध रूप से सिंघाड़े की बेल डाली गयी हैं जिसकी नीलामी 24 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 02 बजे तहसील सदर सभागार में की जायेगी। उन्होने कहा है कि सिंघाड़ा लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि पर तहसील सदर पहुंच कर नीलामी में भाग लें।

## तैयार धान फसल की नीलामी 24 अक्टूबर को

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नायब तहसीलदार, सदर ने अवगत कराया है कि ग्राम मिरगांवा की बंजर एवं तालाब के नाम में दर्ज आंशिक भूमि पर धान की फसल खड़ी पायी गयी है, इसी तरह ग्राम पत्तीपुर परगना गोपामऊ में तालाब के नाम दर्ज गाटा संख्या में धान की फसल बोई गयी जो तैयार है की नीलामी 24 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 02 बजे तहसील सभागार में की जायेगी तथा धान लेने इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

# स्वर्गीय उपेन्द्र तिवारी की पुण्यतिथि पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने महिलाएं को सहायता प्रदान की



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** विकास खंड टोडरपुर हरदोई में विश्वहिंदू परिषद के अध्यक्ष पूर्व विधायक स्व स्वर्गीय उपेन्द्र तिवारी की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित महिला विकास स्वयं सहायता समूह की संचालिका माधुरी ग्राम पंचायत आंझी जय श्री माता आजीविका स्वयं सहायता शिरोमन नगर की संचालिका रीता देवी ने विकासखंड टोडरपुर में विस्कुट दोना सफाई सामग्री का स्टॉल लगाया गया लगायें गये स्टाल का प्रभारी मंत्री असीम अरूण उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी ने लगाये गये स्टाल का अवलोकन किया सहायक विकास अधिकारी अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया।

## किसान शरदकालीन गन्ने के साथ राई/सरसों की अन्तः फसली खेती करें: गन्ना अधिकारी

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिला गन्ना अधिकारी ने बताया है कि शासन द्वारा जनपद हरदोई में 5625.45 हे0 गन्ना फसलोत्पादन का लक्ष्य उपलब्ध कराया गया है तथा क्षेत्रफ्ल के अनुसार जनपद को राई/सरसों की अन्त:फसली खेती के लिए 350 कु0 नि:शुल्क राई/सरसों बीज का लक्ष्य आंवटित किया गया है। उन्होने बताया कि गन्ने के साथ सरसों की अन्तः फ्सली खेती हेतु 4 किलोमाम प्रति हेक्टेयर की दर से विमोचित प्रजातियों सरसों का प्रमाणित बीज कृषकों को नि:शुल्क उपलका कराया जायेगा और कृषकों को कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों को विभागीथ भीज वितरण प्रक्रिया के अनुसार पी0ओ0एस0 मशीन से कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर बीज उलपब्ध कराया जायेगा। गन्ना अधिकारी ने कहा कि जनपद के गन्ना के सथ सरसों के अन्त:फ्सली खेती करने वाले किसानों का चचन क्षेत्रीय कार्मिकों के मध्यम से करते हुए क्षेत्रफ्ल के अनुसार सूची तैयार करा लेए यदि कृषकों का पंजीकरण कृषि विभाग के पोर्टल पर नहीं हे तो उप कृषि निदेशकध्जिला कृषि अधिकारीए हरदोई से समन्वच कर उनका पंजीकरण करा देए यदि पोर्टल पर भूमि दर्ज नहीं है तो नियमानुसार दर्ज करा दी जाये और जिन कृषकों को नि:शुल्क बीज दिया जाना है, उनका समस्त लेखा-जोखा का विवरण विकास खण्डवार एवं जनपद स्तर पर अलग संरक्षित रखा जाये। अन्त:फसली खेती के व्यापक प्रसार-प्रसार के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में नि:शुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित की जाये तथा सोशल एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये और उक्त: बिन्दुओं का पालन करते हुए गन्ने के साथ राई सरसों की खेती करने वाले कृषको का चयन कर चयन सूची (पंजीकरण संख्या, नाम, पिता का नाम, मोबाइल नम्बर, ग्राम, विकास खण्ड, क्षेत्रफल आदि सहित) उप कृषि निदेशक, हरदोई कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे, जिससे जिला कृषि अधिकारी, हरदोई द्वारा गन्ने के साथ राई/सस्सों की अन्त:फ्सली खेती करने वाले कृषकों को बीज वितरण बुवाई के समय से पूर्व कराते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके।

# गोवर्धन पूजा पर गौ:सेवा का संकल्प लें: माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सवायजपुर ( हरदोई )।** गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर में मिर्जापुर खण्डौआ स्थित गोपबृंद गौशाला पर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू गौ माता की पूजा सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर विधायक ने कहा गोवर्धन पूजा केवल एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति पशुधन और मनुष्य के गहरे संबंध का प्रतीक है। गावो विश्वस्य मातरः अर्थात समस्त संसार की माता है के हमारे सनातन धर्म के संदेश को आत्मसात करते हुए हमने आज गौ माताओं को अपने हाथों से चारा खिलाया उनकी पूजा की और गौशाला की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। विधायक होने के नाते मेरा यह कर्तव्य है कि मैं अपने क्षेत्र के हर जीव के कल्याण के लिए काम करूँ। गौशालाएँ हमारी संस्कृति का आधार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। मैं सभी क्षेत्रवासियों से यह आह्वान करता हूँ कि वे केवल पर्वों पर नहीं बल्कि साल भर गौ सेवा और गौ संरक्षण के पुनीत कार्य में अपना योगदान दें। हमारी सरकार गौवंश के संवर्धन और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह से संकल्पित है। गौ माता की सेवा ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। आइए हम सब मिलकर इस परंपरा को आगे बढ़ाएँ और अपने पशुधन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। इस अवसर पर विधायक के पुत्र अभिजीत विक्रम सिंह शानू सिंह राठौर आलोक मिश्रा रामजी सहित गौशाला के कर्मी उपस्थित रहे।

## डोनाल्ड ट्रंप के फर्जी दावें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दोहरा रवैया एक बार फिर सामने आया है। सितंबर को उनके दो बयान दिनभर सुर्खियां बटोरते रहे। लेकिन उक्त बयानों की हवा निकल गई। अब उनके एक और दावे की भारत ने खण्डन कर दुनिया को बता दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप फर्जी दावे करते करते है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले बुधवार को दावा किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव तुरंत नहीं होगा, बल्कि कुछ समय में होगा। इसका भारत की तरफ अगले ही दिन इसका खंडन आ गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है।अस्थिर ऊर्ज़ा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हालॉकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर कुछ दिन बाद ऐसे दावे करते दिखते हैं, जो पहली नजर में बड़े महत्त्व के लगते हैं। मगर थोड़ा वक्त गुजरते ही उनके दावों को लेकर जिस तरह के तथ्य सामने आते हैं, उससे उनकी बातों की विश्वसनीयता पर संदेह खड़े हो जाते हैं। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर हमले किए, तो उस संघर्ष को रोकने को लेकर हाल में ट्रंप ने जिस तरह के दावे किए और भारत ने उसे निराधार बताया, उससे उनकी स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। यही नही अभी एक और दावा बयान इजराइल और हमास को लेकर उनका सामने आ रहा है। अमरीकी राष्टपति ट्रम्प की पहल पर इस्त्राईल हमास समझौते को इस्त्राईली मानेंगे इसका यकीन किसी को नहीं है। अब शुल्क लगाने की नीति के जरिए व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी करने के क्रम में अमेरिका ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा कर भारत पर दबाव बनाने की विचित्र कोशिश शुरू की है। जब भारत ने इस संबंध में नीतिगत फैसला लेने के अपने अधिकार के तहत रूस से तेल आयात करना जारी रखा, तो अब ट्रंप ने अलग स्तर का दावा करके भारत को असहज करने का प्रयास किया है।दरअसल, अमेरिका की ओर से जुर्माना लगाने की घोषणा के बावजूद भारत ने रूस से कच्चे तेल के आयात के संबंध में अपने हितों के अनुकूल फैसले पर अमल जारी रखा है। इसी के मद्देनजर अब ट्रंप ने एक नया राग छेड़ा है, जिसके जरिए शायद वे भारत को कमजोर साबित करने की इच्छा रखते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ऐसा लगता है कि रूस से तेल खरीद को लेकर भारत के बारे में ट्रंप ने जो कहा है, उसका मकसद भी सिर्फ भारत पर दबाव बनाना और रूस को उकसाना भर है। इस तरह की खोखले बातों के जरिए ट्रंप क्या हासिल कर लेंगे ? ट्रंप अक्सर वे अलग-अलग देशों के बीच युद्ध रुकवा देने का श्रेय लेते हैं और इस नाते उन्होंने नोबेल शांति सम्मान पाने की भी इच्छा जताई। जबकि पाकिस्तान के साथ हुए टकराव में भारत यह साफ कर चुका है कि संघर्ष विराम में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। भारत के साथ व्यापार वार्ता के किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले ही उन्होंने जिस तरह भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी और उसका दायरा और विस्तृत किया, वह एक तरह से अन्य देशों और खासतौर पर भारत के नीतिगत फैसलों को प्रभावित करने की ही कोशिश थी। कं मगर रूस से कच्चे तेल के आयात को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा से यह साबित हुआ किअमेरिका की नजर में भारत या अन्य देशों के नीतिगत फैसले लेने के अधिकार और संप्रभुता की कितनी कद्र है। इसी तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम का कई बार दावा कर चुके हैं। पहली बार 10 मई को, जब ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए हैं।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले बुधवार को दावा किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि उनका देश रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव तुरंत नहीं होगा, बल्कि कुछ समय में होगा। इसका भारत की तरफ अगले ही दिन इसका खंडन आ गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है।अस्थिर ऊर्ज़ा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हालॉकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर कुछ दिन बाद ऐसे दावे करते दिखते हैं, जो पहली नजर में बड़े महत्व के लगते हैं।**

## स्वदेशी की लौ : उपभोक्ता बना आत्मनिर्भरता का शिल्पकार

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तब ध्यान में आया था कि पीएम देशवासियों के माध्यम से भारतीय अस्मिता और स्थानीय उत्पादन के पुनरुद्धार को नई दिशा देना चाहते हैं। आज परिणाम भी उसी अनुरूप आया है, जैसा वे चाहते हैं। इस बार दीपावली के बाजारों में चीनी उत्पादों की चमक लगभग गायब रही, वहीं भारतीय वस्तुओं की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर जैसे प्रमुख शहरों के बाजारों में स्थानीय उत्पादों की बहार थी। हर स्टॉल पर, हर दुकान में यह विश्वास झलक रहा था कि भारत की मिट्टी में बने उत्पाद किसी भी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड से कम नहीं। यही वह स्वदेशी चेतना है जो उपभोक्ता व्यवहार को बदल रही है।**

दिवाली की इस बार की जगमगाहट दीपों तक सीमित नहीं रही है, उसने भारतीय अर्थव्यवस्था के हर कोने में आत्मनिर्भरता की लौ जलाई। बाजारों की रौनक और उपभोक्ताओं के उमंग में इस बार जो बात सबसे अधिक झलकी, वह है 'मेड इन इंडिया' के प्रति अभूतपूर्व विश्वास। देश के व्यापारी, कारीगर और उपभोक्ता, तीनों एक साथ उस दिशा में चलते दिखाई दिए, जहाँ स्वदेशी विकल्प से अधिक प्राथमिकता बनता दिखा। वस्तुतः कंफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ताजा रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को अंकों में पिरोकर सामने रखा है। त्योहारी सीजन में देशभर में लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा आँकड़ा है। इसमें सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि 87 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी उत्पादों को चुना। यह सीधे तौर पर भारत के आर्थिक उछाल का संकेत तो है ही साथ में आत्मनिर्भर भारत के विचार की वास्तविक विजय को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तब ध्यान में आया था कि पीएम देशवासियों के माध्यम से भारतीय अस्मिता और स्थानीय उत्पादन के पुनरुद्धार को नई दिशा देना चाहते हैं। आज परिणाम भी उसी अनुरूप आया है, जैसा वे चाहते हैं। इस बार दीपावली के बाजारों में चीनी उत्पादों की चमक लगभग गायब रही, वहीं भारतीय वस्तुओं की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर जैसे प्रमुख शहरों के बाजारों में स्थानीय उत्पादों की बहार थी। हर स्टॉल पर, हर दुकान में यह विश्वास झलक रहा था कि भारत की मिट्टी में बने उत्पाद किसी भी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड से कम नहीं। यही वह स्वदेशी चेतना है जो उपभोक्ता व्यवहार को बदल रही है। यहां इस सत्य को भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उससे प्रेरित संगठनों ने वर्षों से इस स्व से जुड़ी स्वदेशी चेतना को जीवित रखा है। स्वदेशी खरीदोऽदेश बनाओ जैसे अभियानों ने इस वर्ष जनांदोलन का रूप ले लिया। संघ के आर्थिक दर्शन का मूल ही यह है कि आत्मनिर्भरता सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। यही कारण है कि इस बार दीपावली के उत्सवों में सांस्कृतिक भावना के साथ आर्थिक स्वराज का भाव भी उतना ही प्रबल दिखा है। आरएसएस से प्रेरित संगठनों ने 'स्वदेशी उत्सव' और 'हस्तशिल्प मेले' जैसे आयोजन कर यह संदेश दिया कि स्वदेशी केवल व्यापार नहीं, बल्कि विचार है। स्वदेशी जागरण मंच के अनुसार, यह दौर भारत की आर्थिक स्वराज यात्रा का नया अध्याय है। उनका मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति कुछ वर्षों तक निरंतर बनी रही, तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि एक सशक्त निर्यातक राष्ट्र के रूप में भी दुनिया के सामने खड़ा होगा। मोदी सरकार की नीतियाँ भी इसी दिशा में गूँथी हुई हैं; प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने स्वदेशी भावना को संस्थागत रूप दिया है। इन योजनाओं ने छोटे व्यापारियों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जो अब त्योहारी अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं। कैट ने बताया है कि कैसे छोटे व्यापारियों की ऐतिहासिक वापसी हुई है। इस वर्ष कुल बिक्री में 85 प्रतिशत योगदान गैर-कारपोरेट और पारंपरिक बाजारों से आया। दिल्ली के सदर बाजार, चांदनी चौक, शास्त्री नगर और लाजपत नगर जैसे इलाकों में पैर रखने की जगह नहीं थी। पहले जहाँ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स बिक्री पर हावी रहते थे, इस बार उपभोक्ताओं ने स्थानीय दुकानों से खरीदारी का अनुभव फिर अपनाया। यह प्रवृत्ति बताती है कि डिजिटल युग में भी पारंपरिक बाजारों की आत्मा जीवित है। खरीदारी के आँकड़े भी इस बदलाव की गवाही देते हैं; किराना और एफएमसीजी उत्पादों ने कुल बिक्री में 12%, सोना-चाँदी ने 10%, इलेक्ट्रॉनिक्स ने 8% और रेडीमेड परिधानों ने 7% योगदान दिया। यह विविधता दर्शाती है कि भारतीय उपभोग शहरी सीमाओं को पार कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक फैल चुका है। इस वर्ष ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों ने 28 प्रतिशत भागीदारी दी। यह आँकड़ा ग्रामीण भारत की बढ़ती क्रयशक्ति और स्थानीय उत्पादन की सशक्तता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आरंभ की गई योजनाओं ने गाँव-गाँव में छोटे उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया है। आज ग्रामीण महिलाएँ दीपावली सजावट से लेकर मिठाई पैकेजिंग तक, अनेक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित हुआ है और मांगऽपूर्ति का पूरा चक्र अब स्वदेशी ढाँचे में घूम रहा है। इस बार ट्रेडर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.6 और कंज्यूमर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.4 तक पहुँच गया, जो पिछले दशक का सर्वोच्च स्तर है। यह आँकड़े स्पष्ट करते हैं कि व्यापारी और उपभोक्ता दोनों भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। 72 प्रतिशत व्यापारियों ने माना है कि जीएसटी दरों के तर्कसंगत पुनर्गठन और डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन ने इस उछाल में निर्णायक भूमिका निभाई। सरकार की पारदर्शी नीतियों ने व्यापार वातावरण में स्थिरता और विश्वास लौटाया है। त्योहारी सीजन में वस्तुओं के साथ सेवा क्षेत्र ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पैकेजिंग, ट्रैवल, होटल, ईवेंट मैनेजमेंट और डिलीवरी नेटवर्क में लगभग 65,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। साथ ही, लगभग 50 लाख अस्थायी रोजगार सृजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में युवा और महिलाएँ शामिल थीं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि आत्मनिर्भर भारत का भाव निर्माण तक सीमित नहीं रहा है, सेवा और सृजन दोनों में बराबर प्रवाहित है। कहना होगा कि यह वर्ष भारत की आर्थिक यात्रा का मील का पत्थर है। अब खुदरा व्यापार केवल उपभोग का प्रतीक नहीं रहा, वह आत्मविश्वास और राष्ट्रभाव का परिचायक बन गया है। भारतीय उपभोक्ता अब ब्रांड वैल्यू नहीं, बल्कि भारतीय मूल्य को प्राथमिकता दे रहा है। मोदी सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संयुक्त स्वदेशी दृष्टि ने भारत की आर्थिक दिशा को एक नया अर्थ दिया है, जहाँ हर छोटा दुकानदार, हर ग्रामीण उद्यमी और हर जागरूक उपभोक्ता मिलकर आत्मनिर्भर भारत की मशाल थामे हुए है। यह वह रोशनी है जो बताती है कि भारत अब किसी और के उजाले का मोहताज नहीं, वह आज अपनी ही लौ से जगमगाने वाला देश बन चुका है। दिवाली की जगमगाहट में इस बार एक नई लौ दिखी है, वह है आत्मनिर्भर भारत की लौ। हर बाजार में 'मेड इन इंडिया' की चमक दिख रही है। यह केवल व्यापार का उत्थान नहीं है, यह तो भारतीय उपभोक्ता की चेतना का पुनर्ज़ागरण है।

## बिहार विधानसभा चुनाव और राजनीतिक साख का सवाल

मनोज कुमार मिश्र

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के शीर्ष पर पहुंचने से पहले ही राष्ट्रीय जनता दल(राजद) और कंाग्रेस की अगुवाई वाला महागठबंधन बिखरने लगा। पहले भाजपा और जनता दल (एकी) की अगुवाई वाले गठबंधन राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में भी तनातनी हुई लेकिन बड़े नेताओं ने फौरन हस्तक्षेप कर विवाद सुलझा लिया। अब सभी 243 सीटों पर राजग की तरफ से एक-एक उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में हैं। इस गठबंधन के दलों का चुनाव प्रचार भी साझा चल रहा है। राजग नीतीश कुमार की अगुवाई में चुनाव लड़ रहा है। भाजपा और जद(एकी) बराबर सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ महागठबंधन के सहयोगी दलों के उम्मीदवार दर्जन भर से ज्यादा सीटों पर आपस में ही लड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, तमाम दावों के बावजूद चुनाव प्रचार जोड़ नहीं पकड़ रहा है। हर बार की तरह इस बार भी कई अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। वैसे उसके तीन उम्मीदवारों ने नाम वापस लेकर प्रशांत किशोर की परेशानी बढ़ा दी। वे इसके लिए विपक्षी दल पर आरोप लगा रहे हैं। बिहार के सबसे बड़े लोक महापर्व छठ के तुरंत बाद 06 और 11 नवंबर को मतदान होना है। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। माना जा रहा है कि छठ के लिए बड़ी तादाद में लोग अपने घर आते हैं, उनमें काफी बड़ी संख्या उन लोगों की है जो प्रवासी होने के बावजूद अभी भी बिहार के मतदाता बने हुए हैं। इनके चलते इस बार वोट का औसत बढ़ सकता है। इस बार महागठबंधन के आपसी टकराव और सरकार के सकारात्मक काम से राजग का वोट औसत बढ़ने के आसार हैं। होना यही चाहिए था कि चुनाव मुद्दों पर लड़े जाएं। संभव है बाकी चुनावों की तरह इस चुनाव में भी कई गलत आरोप लग रहे हैं। हवाई दावे किए जा रहे हैं। भला यह कैसे संभव है कि चौदह करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के हर परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दे दी जाए। कुछ लाख परिवारों में सरकारी नौकरी है बाकी सवा दो करोड़ परिवारों से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देना संभव ही नहीं। इसके बावजूद राजद नेता तेजस्वी यादव इसकी घोषणा कर चुके हैं। कुछ इसी तरह के भाजपा और राजग के घटक दलों ने भी कई वायदे किए लेकिन उनका उनकी ठोस रणनीति से संबंध है। चुनाव आयोग की तमाम सख्ती के बावजूद हर चुनाव में धन-बल का भरपूर उपयोग होता है। चुनाव में वोट के लिए पैसे, शराब या सामान बांटने के मामले भी सामने आते रहे हैं। चुनाव आयोग हर चुनाव में भारी मात्रा में नकदी, शराब आदि पकड़ता है और कार्रवाई करता है। राज्यसभा और विधान परिषद की भी सीटें बिकने की खबरें आती है। यह सभी अपने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जंग लगने जैसे हैं। कुछ सालों से चुनावी व्यवस्था में और पतन होता जा रहा है। लोकसभा और विधानसभा आदि के टिकट बिकने की खबर आने लगी और बिहार चुनाव में तो सारे रिकार्ड ध्वस्त हो गए। टिकटों की बोली लगने का आरोप लग रहे हैं। अपने दल के विधायक से कई-कई करोड़ रुपए लेने के बाद भी दूसरे से ज्यादा पैसा लेकर टिकट बेचे जाने के दावे किए जा रहे हैं। राजद से मधुबन से टिकट पाने में असफल रहे मदन साह ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी घर के बाहर अपने कपड़े फाड़े, दहाड़ मार कर रोते हुए कहा कि उसके 2.70 करोड़ रुपए लौटा दें। इस लेन-देन की होड़ में सारी मर्यादाएं तार-तार हो गई। पैसे की इसी होड़ में सुगौली से महागठबंधन ने अपने विधायक के बजाए सीट वीआईपी को दे दी। आरोप लगा कि कीमत बढ़ा कर फिर अपने विधायक को पकड़ा दिया। इसी उठापटक में उसका नामांकन ही रद्द हो गया। सासाराम से राजद ने अपने मौजूदा विधायक का टिकट काट कर आपराधिक छवि वाले को दे दिया जो झारखंड के गढ़वा में एक डकैती में वांछित था। नामांकन भरते ही उसे झारखंड पुलिस पकड़ कर ले गई। टिकटों की जैसे मंडी सज गई। टिकट बंटवारे में जो सीट सहयोगी दल को गया, उसके चुनाव चिन्ह पर पैसा लेने वाले बड़े दल के नेता ने टिकट दिलवा दिया। बिहार जैसे गरीब राज्य में टिकटों की इस मंडी में ज्यादातर दल शामिल हुए। कई सीटों पर टिकटों की घोषणा के बावजूद दूसरे को इसलिए टिकट दे दिया गया क्योंकि उसने ज्यादा पैसे दे दिए। कई ऐसी सीट हैं जिसपर सहयोगी दल के चुनाव चिन्ह पर भाजपा, राजद, कंाग्रेस, जद(एकी) के मौजूदा विधायक या नेता चुनाव लड़ रहे हैं। पहले पार्टी समर्थकों के विरोध के चलते टिकट बदले जाते थे या वापस किए जाते थे। अब तो बोली लग कर टिकटों पर फैसला होता है। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी बड़ी मात्रा में काला धन लग रहा है। पहले चुनाव लड़ने के लिए गिनती के लोग कर्ज लेकर या जमीन आदि बेच कर पैसे लगाते थे। अब तो टिकट पाने के लिए पहले ही सबकुछ दांव पर लगाया गया है। पहले कहा जाता था कि लोग चुनाव लड़ते हैं प्रतिष्ठा पाने और समाज सेवा करने के लिए। आजादी के बाद के कुछ चुनाव छोड़ दें तो वास्तव में तब भी चुनाव में पैसा लगा कर लोग चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले पैसा कमाने में ही सारी ताकत लगाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कड़ाई से भाजपा में बड़े नेताओं के रिश्तेदारों को कम से कम टिकट मिलता है और भाजपा ने बिहार में भी ऐसा ही किया। बाकी दलों में पैसे की तरह टिकट पाने की दूसरा बड़ा कारण बड़े नेताओं की रिश्तेदारी रही है। लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव तो उनके उत्तराधिकारी हैं, वे इस बार भी राघोपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी तारापुर से चुनाव लड़ रहे हैं। दबंग मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा साहाब (राजद), केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता (रालोमो), पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र के पुत्र नितीश मिश्र (भाजपा), केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पुत्रवधू दीपा मांझी (हम), पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पौत्री जागृति ठाकुर(जनसुराज), पूर्व सांसद गिरिधारी प्रसाद यादव के पुत्र चाणक्य प्रसाद यादव (राजद), सांसद वीणा देवी की पुत्री कोमल सिंह (लोजपा-रा), सांसद लवली आनंद के पुत्र चेतन आनंद (लोजपा-रा), शिवानंद तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी (राजद), बाहुबली मुन्ना शुक्ला की पुत्री शिवानी शुक्ला (राजद), बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी (राजद), पूर्व सांसद विजय कुमार के पुत्र ऋषि मिश्र (कंाग्रेस), नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र नितिन नवीन (भाजपा), गंगा प्रसाद चौरसिया के पुत्र संजीव चौरसिया (भाजपा) और विशेश्वर ओझा के पुत्र राकेश ओझा इत्यादि उम्मीदवार हैं। यह सूची काफी लंबी है। यानि कई बड़े दलों के टिकट या तो बाहुबली और उसके परिवार को या पैसे वाले को या किसी बड़े नेता के रिश्तेदार को मिला। पार्टी के लिए दिन रात काम करने वाला आम कार्यकर्ता को अब टिकट मिलना कठिन है। आने वाले चुनाव में यह और कठिन हो जाएगा। यह माना जा रहा है कि करीब 20 साल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार का यह आखिरी चुनाव है। वे खुद एक मजबूत पिछड़ी जाति से आते हैं। इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने पर उन पर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। तमाम विरोध के बावजूद शराबबंदी के उनके फैसले का बड़ी तादाद में गरीब महिलाओं का समर्थन आज भी उन्हें मिल रहा है। उनकी लगातार होती जीत का एक आधार महिलाएं हैं। साल 2005 में जिन बच्चियों को उन्होंने साईकिलें दीं, उनको ही चुनाव आचार संहिता लगने से पहले दस-दस हजार रुपए दिए।

## भाई-बहन को समर्पित अनूठा, ऐतिहासिक एवं संवेदनात्मक त्यौहार

ललित गर्ग

**हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया।**

भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। आज जबकि समाज रिश्तों की गर्माहट से दूर होता जा रहा है, जब व्यक्तिगत स्वार्थों और भौतिक लिप्साओं ने मानवीय संबंधों को हाशिये पर पहुँचा दिया है, तब भाई दूज का पर्व हमें रिश्तों की आत्मीयता, समर्पण और सुरक्षा के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व केवल एक पारंपरिक रिवाज नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस भावना का प्रतीक है, जहाँ भाई और बहन का संबंध केवल रक्त का रिश्ता नहीं, बल्कि आत्मीयता, श्रद्धा और अटूट विश्वास का जीवंत स्वरूप है। इसदिन भाई का बहन के घर भोजन करने का विशेष महत्व एवं लाभ है, उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है। क्योंकि इसी तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो। हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं। यह पर्व केवल यम और यमुनाजी की कथा तक सीमित नहीं है। भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कंाटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चौकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। आज जब रिश्ते औपचारिकता बनते जा रहे हैं, भाई दूज हमें यह स्मरण कराता है कि सगे संबंधों को जीवित और प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए केवल व्हाट्सएप संदेश या उपहार काफी नहीं होते, बल्कि आत्मीय मिलन, संवाद और सम्मान जरूरी है। इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'। एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं। इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है। भाई दूज रक्षाबंधन से इस मायने में भिन्न है कि जहाँ राखी में बहन रक्षा की कामना करती है, वहीं भाई दूज में वह अपने घर बुलाकर भाई की सेवा करती है और उसे भोजन कराती है। यह सेवा-संस्कृति भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा रही है। यह उस अहं को तोड़ता है जो अक्सर पुरुष प्रधान मानसिकता से जन्म लेता है। यह उस संबंध को पुनः प्रतिष्ठित करता है जो केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि संवेदनात्मक और परस्पर समर्पित है। भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की। भाईदूज की परम्परा बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती। आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा। भाईदूज की परंपरा उन परिवारों में भी संबंधों को फिर से जोड़ने का अवसर देती है जहाँ समय, दूरी या विचारों के मतभेद से भाई-बहन के रिश्ते कमजोर पड़ गए हैं। भोजन केवल स्वाद या अनुष्ठान नहीं है, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो भाई-बहन के बीच संवाद को फिर से शुरू करता है, पुराने किस्सों की स्मृति को ताजा करता है, और दिलों को जोड़ता है। आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि पर्व केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं हैं, बल्कि वे भारतीय समाज की आत्मा हैं, जो रिश्तों को अर्थ देती हैं, संबंधों में संवाद पैदा करती हैं और संस्कृति को पीढ़ियों तक जीवित रखती हैं। भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्ज़ा का संचार करता है। भाई दूज केवल रस्म नहीं, रिश्तों का पुनर्जन्म है। आज जब समाज टूटन, तनाव और अलगाव से गुजर रहा है, भाई दूज जैसे पर्व रिश्तों के लिए एक सेतु बन सकते हैं- जो न केवल एक दिन का उत्सव हों, बल्कि जीवनभर के लिए संबंधों में स्थायित्व, मिठास और सुरक्षा भर दें।

# कर्ज से परेशान युवक फांसी पर झूला, मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा। कोतवाली क्षेत्र के साथी गांव में बैंक के कर्ज से परेशान एक42 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या, परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के साथी गांव निवासी देवनारायण पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ उम्र 42 वर्ष यह आज मंगलवार की सुबह बैंक के कर्ज से परेशान होकर अपने कच्चे मकान की दीवाल में लगी खूंटी में गमछा बांध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब सुबह परिजनों ने देखा तो तुरंत फांसी के फंदे से निकलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजन बाला प्रसाद ने बताया की करीब 20 बीघे जमीन का काश्तकार था। करीब 6 लाख रुपए का आर्यावर्त बैंक भदेहदू से कर्ज था बेंगलुरु में मजदूरी का काम भी करता था। अभी कुछ दिन पहले ही गांव आया था, जिससे परेशान रहता था जिसको लेकर आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत के द्वारा बताया गया की फांसी लगाकर आत्महत्या किया है।

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

बबेरु/बांदा। कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव में पटाखे खरीदने के लिए पैसे ना मिलने पर 16 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव निवासी अंकित पुत्र रामगोपाल उम्र 16 वर्ष यह सोमवार की शाम पटाखा खरीदने के लिए मां से रुपए मांग रहा था। रुपए न मिलने से नाराज अंकित ने अपने घर के कच्चे मकान की धन्नी पर साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जैसे ही मां ने देखा तो कोहराम मच गया। घटना के समय पिता रामगोपाल चित्रकूट से वापस लौट रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय देर भेज दिया है। हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक कल्बे अब्बास खान के द्वारा बताया गया कि फांसी लगाकर आत्महत्या किया है, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## पुराने विवाद के चलते वृद्ध की गोली मारकर नृसंश हत्या

बांदा। पुराने विवाद के चलते वृद्ध को तीन लोगों ने घेरकर गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद तत्काल मौके पर सभी हत्यारोपी फरार हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मटौध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी 61वर्षीय मुन्ना यादव पुत्र राजाराम यादव हिस्ट्रीशटर था। इन दिनो वह शांती से अपना जीवन यापन करता था। बुधवार की दोपहर वह गांव में दिपावली का मेला देखने गया था। इसी वहां पर खड़े हिस्ट्रीशटर पिल्लू उर्फ मनीष ने मुन्ना को गाली गलौज कर दिया। मुन्ना ने इसका विरोध किया। इसी बीच मनीष का छोटा भाई कंपट उर्फ मोहित उसका पिता प्रदीप भी आ गया। तीनो ने उसे दबोच लिया। उसके सीने में तमंचा सटा कर बाई तरफ गोली मार दिया। घटना से इलाके मे अफरा तफरी मच गई।

# दीपों से जगमगा उठा केन नदी घाट, गूंजे जय श्रीराम के नारे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। इस बार केन घाट पर दीपों के प्रकाश से केन घाट जगमगा उठा। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दीपोत्सव कार्यक्रम में काफी सारे लोगों ने सहभागिता दिखाई गौ रक्षा जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने जानकारी दी है कि दीपावली के पर्व के शुभ अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 1001 दीपों को प्रज्ज्वलित कर केन घाट को सजाया गया जिससे केन घाट जगमगा उठा। इस कार्यक्रम में काफी सारे लोगों ने सहभागिता दिखाई जिसमें महिलाएं, पुरुष व बच्चे भी शामिल रहे। इस दौरान समिति के जिलाध्यक्ष व गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने सभी को दीपावली पर्व की ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित की और दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल में होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी ने दीपों को प्रज्ज्वलित करने में सहायता की और सभी ने मिलकर हर्षोल्लाश के साथ दीपों को पूरे आरती स्थल पर रखकर वहां की शोभा बढ़ाई जिससे केन घाट बहुत ही सुंदर प्रतीत हो रहा था। इस दौरान केन जल महा आरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा समग्र के प्रांत गंगा आश्रित प्रमुख बृजेश शुक्ला जी उपस्थित रहे इस दौरान पार्वती गुप्ता पुष्पा देवी रोशनी प्रजापति पूजा ज्योति प्रजापति सोशल मीडिया क्रिएटर मछंदर सिंह काहार जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा व्यापार मंडल प्रेम गुप्ता प्रमोद गुप्ता महेश प्रसाद गुप्ता नगर कोषाध्यक्ष जिला सह प्रभारी आलोक निगम जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल शिव शंकर सहित तमाम श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

## झालर से करंट लगने के कारण एक साल के मासूम बच्चे की मौत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ उन्नाव। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव खम्भौली (गम्भीरपुर) में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां गोवर्धन पूजा के दिन दिवाली की झालर से करंट लगने के कारण एक साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

गांव के रहने वाले अमन का एक वर्षीय बेटा अभियान बुधवार सुबह 7 बजे अपने घर में खेल रहा था। घर के गेट के पास दिवाली पर लगाई गई रंग-बिरंगी झालर नीचे लटक रही थी। उसमें प्लाक भी लगा था, खेलते समय मासूम ने उस झालर और प्लाक को पकड़ लिया, जिसमें खुले तारों के कारण करंट दौड़ रहा था।

करंट लगने से बच्चे के चीखने पर परिजनों ने उसे किसी तरह तार से अलग किया। तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था। नाजुक हालत में उसे बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मां नीतू और बड़ा भाई अभी (4) रो-रोकर बेहाल हैं। दिवाली पर्व के दो दिन बाद हुई इस घटना से घर की खुशियां मातम में बदल गईं। दीपावली पर सजावट के लिए लगाई गई यह विद्युत झालर मासूम अभियान के लिए जानलेवा साबित हुई। परिजन शव लेकर घर लौट गए हैं।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया दीपावली का पावन पर्व

शुक्लागंज- उन्नाव। शुक्लागंज में दीपावली का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरे नगर में पर्व को लेकर धूम मची रही। राजधानी मार्ग, चंपापुरवा, पोनीरोड, कंचन नगर, ऋषि नगर, सुभाष नगर जैसे विभिन्न स्थानों पर सजी गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपनी पसंद की मूर्तियां खरीदीं। इसके साथ ही, पूजन सामग्री जैसे खील, चूरा, गट्टा और लइया की भी खूब बिक्री हुई, जिससे बाजार में रौनक बनी रही। शाम को शुभ मुहूर्त पर, नगरवासियों ने अपने घरों के साथ-साथ प्रतिष्ठानों में भी पूरे विधि-विधान से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। लोगों ने सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। पूजा संपन्न होने के बाद लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। रंगबिरंगी पटाखों की रोशनी से पूरा आकाश जगमगा उठा, जिससे चारों ओर उत्सव का माहौल बन गया।

# दीपावली पर शिक्षक दंपति के घर से 20 लाख की चोरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की गुलाब विहार कॉलोनी में दीपावली के दिन चोरों ने एक शिक्षक दंपति के घर में धावा बोलते हुए करीब 20 लाख रुपये के नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय दंपति अपने पैतृक गांव दीपावली मनाने गए थे। गुलाब विहार कॉलोनी निवासी अंजली वर्मा मंझनपुर डाइट मैदान में तैनात हैं जबकि उनके पति धनंजय वर्मा जिले के आधार क्षेत्र में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। दीपावली के दिन दोनों परिवार सहित चरवाहा थाना क्षेत्र के पिपरी पहाड़पुर स्थित अपने पैतृक गांव गए थे। मंगलवार देर रात जब दंपति घर लौटे तो मुख्य गेट और दो कमरों के ताले टूटे मिले तथा घर का सामान बिखरा हुआ था।अंदर जाकर देखने पर दो अलमारियों से नकदी और कीमती जेवरात चोरी होने की जानकारी हुई। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शिक्षक दंपति ने तत्काल डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। बुधवार सुबह पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना कोखराज पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरी की इस बड़ी वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है।

## भरवारी रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा आरओबी, भीषण जाम से मिलेगी राहत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। प्रयागराज मंडल के एडीआरएम नवीन प्रकाश ने बुधवार को भरवारी रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण किया। हावड़ाऽदिल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित इस क्रॉसिंग पर लंबे समय से लगने वाले भीषण जाम से निजात पाने के लिए रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का प्रस्ताव है। इसी संबंध में एडीआरएम ने स्थल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम ने भरवारी रेलवे स्टेशन के पास पानी टंकी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से लेकर भरवारी बस स्टॉप तक बंद पड़ी पुरानी प्राइमरी लाइन का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आरओबी निर्माण के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर डीआरएम को भेजने के निर्देश दिये। भरवारी रेलवे फाटक पर पिछले कई वर्षों से भारी जाम की समस्या बनी हुई है, जिससे आमजन और आरटीओ को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए आरओबी निर्माण की योजना रेलवे द्वारा बनाई गयी है। पत्रकारों से बातचीत में एडीआरएम नवीन प्रकाश ने बताया कि ट्रेनों की गति 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ने के बाद रेलवे की योजना के तहत देशभर में लेवल क्रॉसिंग को बंद कर आरओबी और अंडरपास बनाये जा रहे हैं। इसी के तहत भरवारी रेलवे फाटक पर भी आरओबी निर्माण प्रस्तावित है। निरीक्षण रिपोर्ट डीआरएम को भेजी जायेगी जिसके बाद विभागीय प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान रेलवे के कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें एसएसई टीम, आइडब्ल्यू टीम, रेलवे सेतु निगम के इंजीनियर और आरपीएफ अधिकारी शामिल थे।

# उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल द्वारा आज 28 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

- नई दिल्ली से 9, आनंद विहार टर्मिनल से 6, शकूरबस्ती से 5 और दिल्ली जंक्शन से 4 रेलगाड़ियों का संचालन
- कल, दिल्ली मंडल द्वारा 26 विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई गईं



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने यात्रियों, विशेषकर देश के पूर्वी भागों में छठ पर्व मनाने के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक व्यवस्था की है। आज, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से विशेष रेलगाड़ियों (नई दिल्ली से 9, आनंद विहार टर्मिनल से 6, शकूरबस्ती से 5, दिल्ली जंक्शन से 4, हज़रत निज़ामुद्दीन से 2, शामली से 1 और रोहतक से 1) सहित 28 विशेष रेलगाड़ियाँ संचालित की जाएंगी। कल दिनांक 23 अक्टूबर को दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों से 17 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन प्रस्तावित हैं। दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ की निगरानी के आधार पर, आज (13.20 बजे) 1 विशेष ट्रेन ऑन डिमांड रेलगाड़ी (नई दिल्ली-दरभंगा) चलाई गई। इसके अतिरिक्त, ट्रेन ऑन डिमांड का परिचालन यात्रियों की मांग के अनुरूप किया जा रहा हैं और आवश्यकता अनुसार और भी ट्रेन ऑन डिमांड चलाई जाएंगी ।डीआरएम, एडीआरएम और वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ पर नज़र रख रहे थे।

## अज्ञात कारणों के चलते नमकीन की एजेंसी में लगी आग

बबेरू/बांदा। कस्बे के मरका तिराहा के पास मोरानो नमकीन एजेंसी गोदाम के अज्ञात कारणो के चलते सुबह आग लग जाने से हडकम्प मच गया भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया । अग्नि कंाड में नगदी सहित 50 लाख 55 लाख रुपये की सामग्री जल कर खाक हो गयी और बगल का कच्चा मकान चपेट मे आ जाने से नुकसान हुआ। आज सुबह 8.15 बजे कस्बे के मरका तिराहा के पास मरका रोड निवासी रमन गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता के गोदाम मे मोरानो नमकीन कृष्णा एजेन्सी सहित 10 एजेन्सी का सामान मे अज्ञात कारणो से आग लग जाने से नगदी सहित लगभग 50 लाख से 55 लाख रुपये का सामान धू धू कर जल कर खाक हो गया आग इतनी भयंकर रही एक फायर गाडी से आग पर काबू नही पाया और लेकिन ग्रामीणों ने बाल्टियों में पानी ला कर आग बुझाने में लगे रहे।दूसरी फायर ब्रिगेड की गाडी बुलानी पड़ी।

## दीपावली पर दूधिया रोशनी से नहाया शहर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। दीपोत्सव पर्व के मौके पर निर्धारित मुहूर्त पर लोगों ने माता लक्ष्मी और गणेश भगवान की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद दीये जलाकर घर के चारों कोनों में रखे गए। घर-घर दीये जलाए गए इससे सारा जहां जगमग हो गया। इसके बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ। आतिशबाजी के दौरान आसमान में सतरंगी छटा नजर आई। देर रात तक आतिशबाजी का दौर चलता रहा। इधर, पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से गश्त करती नजर आई।

एक पखवारे पूर्व से ही लोगों ने दीपावली पर्व की तैयारियां शुरू कर दी थीं। धनतेरस के बाद दीवाली पर्व की खुशी लोगों के सिर चढ़कर बोल रही थी। दीपावली पर्व की शाम को घर में माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा अर्चना की गई। बुजुर्गों का कहना है कि माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा अर्चना करने से घर में सुख समृद्धि और धन्य धान्य की वृद्धि होती है। गुरूवार की शाम को लोगों ने अपने घरों में विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद मिष्ठान का वितरण किया और लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ। आतिशबाजी के दौरान शहर के चारों कोनों से धूमधड़ाके की आवाजें आती रहीं। आसमान पर सतरंगी छटा नजर आई। इधर, शहर के विभिन्न इलाकों में जमकर आतिशबाजी की गई। इसके साथ ही जीआईसी ग्राउंड में सजे पटाखा बाजार में जमकर खरीददारी का दौर चला। दीपावली पर्व के मौके पर जहां लोगों ने घरों को बिजली की झालरों से सजाया था, वहीं सरकारी और गैर सरकारी इमारतें भी विद्युत की झालरों से रौशन रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यक्रम में शिरकत की करी अपील

बांगरमऊ- उन्नाव। कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित नूरी मस्जिद के पास आगामी 24 अक्टूबर दिन शुक्रवार को बाद नमाजे इशा ''अजमते मुस्तफा कॉन्फ्रेंस व इसलाहे मुआशरा'' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश व प्रदेश के कई मशहूर खतीब खिताब करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक मौलाना मिफ्ताहुल हक ने लोगों से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

### घरेलु विवाद के चलते दिव्यांग ने कीटनाशक पीकर दी जान

नरैनी/बांदा। घरेलू कलह के चलते शरीर से दिव्यांग व्यक्ति ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनो ने तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर स्वास्थ केंद्र से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रिसौरा अंश कलेक्टर पुरवा निवासी रामदीन वर्मा 45 वर्ष रामकुमार वर्मा ने घरेलू कलह और आर्थिक तंगी के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया।मौके पर मौजूद लोगों की मदद से परिजनो ने स्वास्थ केंद्र में भर्ती करवाया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।लेकिन इलाज के दौरान रामदीन की मौत हो गई।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-33-2025-26 |
| कार्य का नाम | एस० एंड टी० वर्क आई० सी० डब्ल्यू० इक्यूपमेंट ऑफ अर्थिंग अरेंजमेंट ऐज पर लेटेस्ट आर० डी० एस० ओ० गाइडलाइन्स नं-RDSO-SIGSPO(PROJ)/1/2020, दिनांक 01.01.2025 ओवर एल० के० ओ० डिवीजन ऑफ नॉर्दर्न रेलवेज। |
| अनुमानित लागत | रू 5,26,42,608.35 /- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 4,14,200.00 /- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 13/11/2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

टेंडरदाता को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू०सं० 106-सिग-टेन्डर-33-2025-26 दिनांक: 21.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3275/25

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13-11-2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01082025 dated 22.10.2025 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 21-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 | | | |
| 3 | कार्य का नाम: वरि० मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रथम/सुल्तानपुर के तहत सुल्तानपुर-प्रतापगढ़ खण्ड पर एलसी संख्या 136/सी (किमी 970.400), 142/बी (किमी 980.400), 147/सी (किमी 984.460), 149/सी (किमी 986.800), 153/सी (किमी 988.100) और 168/सी (किमी 1006.250) के स्थान पर आरयूबी का प्रावधान। | | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 277603657.91 | 5 | धरोहर राशि | Rs. 1538000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से पन्द्रह माह। | | | |
| 7 | निविदा खोलने का प्रारंभ | 30-10-2025 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 13-11-2025 at 15:30 hrs. | | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3279/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भाजपा नेता दीपावली पर किया पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। रामलला के आगमन की खुशी में मनाये जाने वाले पर्व दीपोत्सव पूरे जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के मोहल्ला कंचनपुरवा में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम मोहन धुरिया के द्वारा दीप मालिका के इस पर्व पर कंचनपुरवा की कन्याओं को मिष्ठान और पटाखों का वितरण कर सभी को दीपवली पर्व की हार्दिक शुभकामना दी गयी। इसी बीच शहर के प्रतिष्ठित पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे पत्रकार बंधुओं व इष्ठमित्रों के बीच भी मिष्ठान का वितरण कर दीपोत्सव पर्व की श्याममोहन धुरिया ने बधाई दी।

शहर के कंचन पुरवा मोहल्ले में भाजपा नेता श्याम मोहन धुरिया ने बच्चों को मिठाई और पटाखों का वितरण किया। इस दौरान मोहल्ले के सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे। सभी को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी भाजपा नेता ने दीं। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी भाजपा नेता श्याम मोहन धुरिया ने कंचन पुरवा मोहल्ले में सोमवार को बच्चों को मिठाई और पटाखों का वितरण किया। भाजपा नेता के इस वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बच्चे मौजूद रहे। भाजपा नेता की ओर से मिठाई और पटाखे पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ गई। इस मौके पर भाजपा नेता के साथ अरविंद सिंह गौतम, दीपक पांडेय, बालेंद्र तिवारी, कुलदीप मिश्र, रोहित द्विवेदी, कुलदीप सिंह, क्किी बनिया, अयाज जमा, आसिफ अली, जितेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार साहू, संदीप श्रीवास, साकेत अवस्थी, पकंज त्रिपाठी, पंकज शुक्ला, अनवर रजा रानू, शिवकुमार उर्फ बडकू, प्रीती साहू, इमरान, पूरन राय सहित दर्जनों की तादाद में पत्रकार व इस्टमित्र गण इस अवसर पर मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में युवक की पीट पीटकर हत्या



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सिर को सरिया मारकर कुचला, मामले से गांव में तनाव, एसपी ने किया मौका मुआयना

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की लाठी डंडों से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया।हत्यारों ने युवक के सिर पर डंडों और सरिया से इस तरह बार किए कि चेहरे को छत विक्षत कर दिया।मामला दो संप्रदायों का होने की वजह से गांव में तनाव व्याप्त हो गया।जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस से लेकर एसपी भी भारी पुलिस फोर्स को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए।करीब दो घंटे तक गांव में एसपी ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह सनसनीखेज वारदात कंाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम साफ़ियारा में बीती रात करीब सात बजे घटी जहां युवक ओमकार वर्मा अपने खेत देखने गया था।घर से निकलने के आधे घंटे बाद ही परिजनों को सूचना मिली कि गांव के गैर समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी।परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि ओमकार का शव गांव से सौ मीटर दूर एक खेत की मेड पर औंधे मुंह पड़ा था।हत्यारों ने ओमकार को इतनी बुरी तरह से सिर कुचला कि शव की पहचान तक नहीं हो पा रही थी।मामले की जानकारी होते ही कंाट इंस्पेक्टर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से ही उच्चाधिकारियों को सूचना दी।जानकारी मिलते ही एसपी राजेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से जानकारी हासिल की।मृतक की मां जोगवती ने पुलिस को बताया कि गांव के गैर समुदाय के चार लोगों ने उनके पुत्र की हत्या कर दी। मृतक की मां जोगवती ने बताया कि उसके परिवार में तीन बेटियों के साथ मृतक ओमकार अकेला पुत्र था।ओमकार की हत्या की सूचना पाकर उसकी बहने मायावती,सीमा, छाया रात में ही गांव पहुंच गई।घटना के बाद से आरोपी पक्ष के सभी घरवाले अपने घरों में ताला लगाकर परिवार समेत फरार हो गए। इंस्पेक्टर राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उनकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी गई है।

### पांच वर्ष पहले आरोपियों की लड़की भगा ले गया था मृतक

इंस्पेक्टर कंाट राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि गांव के ही जाबिर की पुत्री को मृतक ओमकार वर्मा भगा ले गया था।जिसमें मुकदमा पंजीकृत हुआ था और ओमकार छः सात माह जेल में रहा था।इसी बात को लेकर आरोपी पक्ष बुराई मान रहा था।इसी मामले को लेकर ओमकार की हत्या हुई है।इधर मृतक की मां जोगवती ने गांव निवासी रिजवान पुत्र जाबिर, कदीरअली,समीर अली पुत्रगण शफीक ने उसके पुत्र को पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडों से पीट पीटकर हत्या कर दी। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल बन गया।जिसकी जानकारी पाकर एसपी राजेश द्विवेदी भारी पुलिस फोर्स को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए।तनाव को देखते हुए एसपी ने चार दरोगाओं समेत डेढ़ दर्जन पुलिस कर्मियों को गांव में तैनात कर दिया।

# मिठाई फैक्ट्री के दूषित पानी से तालाब की पालतू मछलियाँ मरी, की शिकायत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली गोला क्षेत्र के खम्हौल गांव में आबादी के अंदर चल रहे अवैध कारखाने में सिंथेटिक व केमिकल युक्त मिठाई बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से बनाई जा रही है। जिसकी सप्लाई हिन्दू त्यौहारों में आस-पास के शहरों व कस्बे की मिठाई की दुकानों में सप्लाई की जाती है।सूत्रों के अनुसार रजागंज, करनपुर, केशवापुर, अलीगंज,सिकन्द्राबाद, कस्ता, सहित गोला नगर में बहुत बड़े स्तर पर सिंथेटिक केमिकल युक्त जहरीली मिठाइयां सप्लाई की जाती है।जिसे खाने से आमलोग

अनेको प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस अवैध फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित व जहरीले केमिकल युक्त पानी से तालाब में गांव के किसान रंजीत कुमार पुत्र हुकुमचन्द्र निवासी खम्हौल की पालतू मछलियां बड़ी संख्या में मर गयी। विपक्षी फैक्ट्री मालिक मोनू उर्फ महताब जो कि रहने वाला मेरठ का है।गांव के समीप करीब एक एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में फैले इस तालाब का पट्टा रंजीत कुमार के नाम है जिसका लागान का पैसा भी सरकार के राजस्व में जमा होता है। गांव में किराए के मकान में बिना किसी नाम व बिना कोई खाद्य सुरक्षा मानकों के सत्यापन के मिठाई फैक्ट्री संचालित हो रही है जिसमे लकड़ियों से बनी बड़ी-बड़ी भठ्ठियों पर एक साथ कुन्तलों की मात्रा में कैमिकल युक्त मिठाई बनाई जा रही है। इस फैक्ट्री से निकलने वाले दुर्गंध युक्त गन्दा पानी नाली से निकलता है आस-पास के मकानों में रहने वाले लोगों को बदबूदार दुर्गंध में रहना पड़ता है जिससे मोहल्ले में खुजली, सिर दर्द, आंखों में जलन, पेट मे जलन जैसी समस्या हो रही है।पीड़ित किसान का कहना है उसने अपने तालाब में 70000 रुपये के मछलियों के बच्चे डाले थे जो कि सारी की सारी मर गई है। तालाब का सारा पानी विपक्षी द्वारा छोड़े गये कैमिकल की वजह से जहरीला व दूषित हो चुका है।मत्स्यपालक किसान ने विपक्षी से इस बारे मे शिकायत की तो फैक्ट्री संचालक गाली-गलौज व फौजदारी पर आमादा हो गया। पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर भी कार्यवाही को लेकर शिकायत की, कोतवाली गोला में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

गांव के महेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया ना तो इसका लाइसेंस है और न ही रजिस्ट्रेशन है, यह केवल अवैध रूप से संचालित मिठाई कारखाना है। इस कारखाने से इतना पानी छोड़ा जाता है कि जिससे कीड़े निकलते हैं और घरों में आते हैं बच्चे बीमार होते हैं कोई सुनने वाला नहीं है हम लोगों का कहना है या तो लाइसेंस बनवाकर गुणवत्तायुक्त दुग्ध उत्पादों से मिठाई बनाये, या फिर इस फैक्ट्री को गांव के बाहर ले जाये। इसी गांव व मोहल्ले निवासी जगदीश कुमार ने बताया यहां गंदगी बहुत होती है यहां पर सड़े मांस जैसी गंदी बदबूदार दुर्गंध आती है रहना दूभर हो गया है। जसकरन लाल ने बताया नालियों से कीड़े निकालकर हमारे घरों में घुसते हैं, हम लोग बहुत ही परेशान हैं हमारी समस्या का निदान करने वाला कोई नहीं है कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है इस अवैध कारखाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग व जिला प्रशासन मौन है।ग्रामवासी दूषित माहौल में जीने को मजबूर हैं।

## ग्राम प्रधान पर हमले के मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अजान खीरी। थाना हैदराबाद की अजान पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम अजान में ग्राम प्रधान विपिन यादव पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सचिन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान की शिकायत पर विपक्षी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। ग्राम प्रधान विपिन यादव ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि दीपावली के अवसर पर वे गांव में ही एक घर पर गए थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे सचिन यादव पुत्र मुनेश कुमार यादव ने चुनावी रंजिश और बाजार का ठेका नहीं देने के कारण उन पर हमला कर दिया। इस हमले में वे बाल-बाल बच गए और हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। ग्राम प्रधान का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे उन्हें न्याय की उम्मीद नहीं है। इसके बाद ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ अजान चौकी का घेराव किया और धरने पर बैठ गए। करीब तीन घंटे के बाद हरकत में आई पुलिस ने ग्राम प्रधान का मुकदमा बीएनएस की धारा 131, 352, 351 में मुकदमा दर्ज किया गया।

## विराट नारी उत्कर्ष समारोह हेतु देव परिवार निर्माण साहित्य सेट की पैकिंग जोरों



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। आगामी 06 से 10 नवम्बर 2025 तक लखीमपुर में आयोजित होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ जारी हैं। इसी क्रम में देव परिवार निर्माण साहित्य सेट की पैकिंग का कार्य इन दिनों जोरों पर चल रहा है। इस कार्य में महिला मंडल की बहनें, परिजनों के बच्चे, ग्राम रसौरा की बालिकाएं तथा निघासन क्षेत्र के लुधौरी गांव से पहुंचे भाईयों की टीम पूर्ण समर्पण भाव से समयदान कर रही हैं। विदित हो कि समारोह के तीसरे दिन घर-घर देव स्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत देव परिवार निर्माण साहित्य सेट की स्थापना की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक जागरण एवं परिवारिक संस्कारों के संवर्धन का प्रतीक बनेगा।

# छात्राओं को मिली स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण संबंधी अहम जानकारियाँ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम फ़ेज-05 के तहत विकास क्षेत्र फरधान के संविलियन विद्यालय सैदापुर देवकली में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैदापुर देवकली, ब्लॉक फरधान की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी करुणा जायसवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को एनीमिया के कारण एवं बचाव, तन और मन को स्वस्थ रखने के उपाय, स्वच्छता का महत्व, तथा संतुलित पोषण की आवश्यकता जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में एनीमिया की समस्या बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण पौष्टिक आहार की कमी, असंतुलित खानपान और स्वच्छता की उपेक्षा है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में हरी पत्तेदार सब्जियाँ, मौसमी फल, दालें और आयरन से भरपूर आहार को शामिल करें तो शरीर में खून की कमी जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्राओं को नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छता केवल शरीर की नहीं बल्कि मन की भी होती है, और एक स्वस्थ मन ही आत्मविश्वास को मजबूत बनाता है।विद्यालय के शिक्षकों ने इस उपयोगी सत्र की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता और सजगता की भावना भी विकसित करते हैं।अंत में विद्यालय परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी करुणा जायसवाल का आभार व्यक्त किया और मिशन शक्ति के इस प्रयास को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक बताया।

## रेलवे ब्रिज से नीचे गिरे बाइक सवार जीजा साले, साले की मौत

हाथरस। जलेसर मार्ग पर बुधवार मानिकपुर रेलवे स्टेशन के पास 60 फीट ऊंचे ओवरब्रिज से बाइक सवार दोनों युवक नीचे गिर गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल आगरा रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सादाबाद के इस्लामनगर निवासी शहवाज और आसिफ अपनी बाइक से जलेसर की ओर जा रहे थे। दोनों रिश्ते में जीजा साले थे। ओवरब्रिज पर उनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। किसी को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक फुटपाथ से टकरा गई और वे अनियंत्रित होकर 60 फीट नीचे जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। तभी पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहपऊ में आयुष विभाग में तैनात डॉ. अवधेश कुमार अपने आवास से बाहर आए। उन्होंने दोनों युवकों को सीपीआर (एग्ट) देकर उनकी सांसें वापस लाईं। डॉ. अवधेश कुमार ने अपनी निजी गाड़ी से दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# गोवर्धन पूजा पर्व पर जनपद की गोशालाओं में हुआ गौपूजनोत्सव

- डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया गौपूजन, मांगी जनपद की सुख-समृद्धि की कामना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। गोवर्धन पूजा पर्व पर बुधवार को लखीमपुर खीरी की गोशालाएं आस्था, भक्ति और वात्सल्य से सराबोर नजर आईं। शासन के निर्देश पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर जिलेभर में गौपूजनोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इसी क्रम में डीएम स्वयं तहसील लखीमपुर के अंतर्गत गो संरक्षण केंद्र लघुचा पहुंचीं। उन्होंने विधि-विधान से गौ पूजन किया, उन्हें गुड़, केला एवं हरा चारा खिलाया तथा जनपद की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वजन कल्याण की कामना की। इस अवसर पर डीएम ने उपस्थित जनसमूह को गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाने का संकल्प दिलाया। कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन गो-माता की विशेष पूजा किये जाने की परम्परा है। इसी क्रम में जिले के सभी गौ आश्रय स्थलों पर गो-पूजन का आयोजन हो रहा है, जिसमें गोशाला के नोडल अफसर, बीडीओ एवं आमजन भी शामिल हो रहे हैं। गौ अभिलाषित फल देने वाली है, गौ से उत्तम और कोई नहीं है। शासन गो संरक्षण का कार्य कर रहा है। गोवंश सुरक्षित रहें, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, सीवीओ डॉ. दिनेश सचान, बीडीओ सदर ज्ञानेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पूर्व उन्होंने अपने सरकारी आवास की गौमाता का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर फल,चना और गुड़ खिलाया। वही शासन के मंशानुरूप गोवर्धन पूजा पर्व पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिलेभर की गोशालाओ में गौपूजनोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम, बीडीओ सहित गोशाला के नोडल अफसरों ने आवंटित गोआश्रय स्थलों में पहुंचकर ग्रामीणों संग गौ माता का पूजन कर माला पहनाई। गायों को गुड़,केला खिलाया।

# इंडिगो विमान की वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी के बाबतपुर में स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बुधवार शाम कोलकाता से श्रीनगर जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के विमान को फ्यूल लिकेज की शिकायत पर आपात लैंडिग करानी पड़ी। विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) वाराणसी से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को रनवे पर सकुशल उतारा गया। इस संबंध में डीसीपी गोमती जोन कार्यालय की ओर से बताया गया कि इंडिगो एयरलाइंस की विमान संख्या 6ई-6961 जो कोलकाता से श्रीनगर जा रही थी। विमान में फ्यूल लिकेज की शिकायत पर वाराणसी बाबतपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में कुल 166 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। सभी को सुरक्षित उतार कर एयरपोर्ट के एराइवल हॉल में बैठाया गया है।

## तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे 34 पर चंदौखी मोड़ के पास बुधवार को तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत हो गई। मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हुई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचा कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतक बांदा जनपद के रहने वाले थे। घायल दीपक (25) पुत्र गंगादीन निवासी गांव मरका जनपद बांदा ने बताया कि वह विकास (30) पुत्र रणधीर निवासी जसपुरा, बांदा के साथ अपने मामा मंजा (45) पुत्र चुनूबाद निवासी कुम्हेडा, थाना कमासिन बांदा को दिखाने के लिए बाइक से मुख्यालय जिला अस्पताल आ रहे थे। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौखी मोड़ के पास नेशनल हाईवे 34 में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि बाइक सवार मंजा व विकास की मौके पर ही मौत हो गई। दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# समाजवादी सरकार बनते ही सबको मिलेगा काम और सम्मान : रेहान खान

- थारू जनजाति के दिव्यांगों को दीपावली पर मिली सौगात
- ध्यानपुर निवासी लज्जावती और तुलाराम राणा को सौंपी गई ट्राई साइकिलें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकला खीरी। दीपावली के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के समाजसेवियों ने मानवता और सेवा का संदेश दिया। सपा कार्यालय पलिया में पूर्व पालिका अध्यक्ष महमूद हुसैन खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में थारू जनजाति क्षेत्र के ध्यानपुर गांव निवासी लज्जावती और तुलाराम राणा को, जो लंबे समय से दिव्यांग अवस्था में हैं, एक-एक ट्राई साइकिल भेंट की गई। इसके साथ ही उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के समाजसेवी डॉ. ए.के. अवस्थी और प्रदेश सचिव रेहान खान उपस्थित रहे। रेहान खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव समाज के कमजोर वर्गों, थारू जनजाति और दिव्यांगजनों के हित में काम करती रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूर्ववर्ती सपा सरकार ने 100 नंबर पुलिस सेवा, एक्सप्रेस-वे जैसी जनहित योजनाएं शुरू कीं और सबको काम व सम्मान दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी पुनः पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और विकास व सेवा का यह अभियान और भी व्यापक रूप से आगे बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ने अरविंद कश्यप को संगठन से हटाया

अजान खीरी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने अरविंद कश्यप को अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में संगठन से हटा दिया है। अरविंद कश्यप को 20 दिन पहले ही एक कार्यकर्ता के कहने पर धार्मिक रैली में संगठन में जोड़ा गया था। उनसे वादा लिया गया था कि वह धार्मिक वीडियो बनाएंगे, लेकिन वह अपने वादे पर खरे नहीं उतरे और अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करते रहे। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की शिकायत के बाद अरविंद कश्यप पर कार्रवाई करते हुए उन्हें संगठन से हटा दिया और चेतावनी दी कि अगर वह आगे भी अश्लील वीडियो बनाते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बजरंग दल ने प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ऐसे मामलों में सहयोग करेगा।

### तहसील गोला क्षेत्र के किसानों द्वारा पराली जलाने पर एसडीएम द्वारा अर्थदंड वसूला गया

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। तहसील गोला क्षेत्र के कई ग्रामो में पराली जलाने किसानों पर यूपी जिला अधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए जुर्माना के रूप में धन की वसूली की गई। तहसील द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम अजान , खरेटा , मुंडा माफी, रजबापुर ग्रंट नंबर 11 और बस्तौली मैं किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाए जाने सूचना पर उप जिला अधिकारी गोला द्वारा मौका मुयाना कर किसानों द्वारा पराली जलाए जाने की सूचना सत्य पाए जाने पर जोशी किसानों क कार्रवाई करते हुए 5000 से लेकर ?10000 रुपया अर्थ दंड के रूप में वसूला गया दोषी किसानों को ? 500000 में पावन्द किया गया।

### थाना मोहम्मदी पुलिस ने दो अभियुक्तों को रायफल व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

मोहम्मदी खीरी। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहम्मदी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अदद लाइसेंसी रायफल 315 बोर, 06 अदद जिंदा कारतूस तथा 02 अदद खोखा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम विजनेश पुत्र रामऔतार एवं रामदास यादव पुत्र रामऔतार, दोनों निवासी ग्राम अमरा, थाना मोहम्मदी, जनपद खीरी बताए गए हैं। यह कार्रवाई उपनिरीक्षक रघुनन्दन सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अंकित कुमार, कंास्टेबल कुलदीप कुमार, मनीष कुमार, विकास कुमार एवं रामनिवास की टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 725/25 धारा 109(1)/ 115(2)/352 बीएनएस व धारा 30 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

# एचडीएफसी बैंक को दूसरी तिमाही में हुआ जोरदार मुनाफा, 18 हजार करोड़ के पहुंचा पार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुंबई। भारत के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC ने शनिवार को वित्त वर्ष 26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। अपने एकल शुद्ध लाभ में साल-दर-साल (YoY) 10.8 फीसदी की बढ़त हासिल की है। बैंक ने कर-पश्चात लाभ (PAT) 18,641.28 करोड़ रुपये दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 16,820.97 करोड़ रुपये था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) अर्जित ब्याज और व्यय किए गए ब्याज के बीच का अंतर एक साल पहले के 30,113.9 करोड़ रुपये से 4.8 फीसदी बढ़कर 31,551.5 करोड़ रुपये हो गई। बैंक ने कहा कि उसका मुख्य शुद्ध ब्याज मार्जिन कुल परिसंपत्तियों पर 3.27 फीसदी रहा।

तिमाही के लिए अन्य आय (गैर-ब्याज राजस्व) 14,350 करोड़ रुपये रही। इसमें शुल्क और कमीशन से 8,840 करोड़ रुपये, विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव राजस्व से 1,590 करोड़ रुपये और शुद्ध ट्रेडिंग और मार्क-टू-मार्केट लाभ से 2,390 करोड़ रुपये शामिल हैं। परिसंपत्ति गुणवत्ता में क्रमिक और वार्षिक दोनों स्तरों पर सुधार जारी रहा। 30 सितंबर, 2025 तक बैंक का सकल गैर-निष्पादित आस्तियाँ (एनपीए) अनुपात 1.24 फीसदी रहा, जबकि एक वर्ष पहले यह 1.36 फीसदी था। शुद्ध एनपीए शुद्ध अग्रिमों का 0.42 फीसदी था। 30 सितंबर, 2025 तक ऋणदाता की कुल बैलेंस शीट का आकार बढ़कर 40,03,000 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 36,88,100 करोड़ रुपये था। कुल जमा राशि 12.1 फीसदी बढ़कर 28,01,800 करोड़ रुपये हो गई, जबकि सकल अग्रिम 9.9 फीसदी बढ़कर 27,69,200 करोड़ रुपये हो गया। HDFC बैंक का शेयर प्राइस 1000.6 रुपये था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19.22% की वृद्धि दर्शाता है। इस शेयर ने 52 हफ़्तों में 812.15 से 1018.85 के बीच कारोबार किया। HDFC बैंक का शेयर प्राइस 1000.6 रुपये था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19.22% की बढ़त है। इस शेयर ने 52 हफ़्तों में 812.15 से ?1018.85 के बीच कारोबार किया। पिछले 5 दिनों में यह 2.74% उछला है। वहीं एक साल में इसमें 18.99% की बढ़त हासिल की है।

# सीएल गुप्ता परिवार का उद्देश्य गरीब और असहाय लोगों की सेवा करना : शिखा गुप्ता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा संस्थान सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट का 16वां वार्षिकोत्सव आज बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि सीएल गुप्ता परिवार का उद्देश्य गरीब और असहाय लोगों की सेवा करना है। उन्होंने अपने समस्त डॉक्टर एवं स्टाफ से यही अपील की कि वह अपनी सेवा की भावना को सदैव वरीयता दें।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सभी डिपार्टमेंट ने अपनी अपनी परफॉर्मेंस रिपोर्ट मैनेजमेंट एवं ट्रस्टी के समक्ष प्रस्तुत की। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ आशी खुराना ने कहा कि मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व है कि हमारे संस्थान ने प्रतिवर्ष अपनी गुणवत्ता को बढ़ाते हुए कई नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हमारी संस्था ने अपने कार्य क्षेत्र में एक अच्छी ग्रोथ दिखाई है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ प्रदीप अग्रवाल ने सभी सदस्यों से अपील की कि वह अपने कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए संस्थान द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली ट्रेनिंग एवं सेमिनार में अवश्य प्रतिभाग करें, जिससे नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं दे सकें। इस कार्यक्रम में वर्ष भर बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को एक ज्यूरी के माध्यम से चयनित कर सम्मानित किया गया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सं. : 106-Sig-Tender-32-2025-26

धरोहर राशि : रु. 2,22,200.00

कार्य पूरा करने की अवधि : 365 दिन

निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 10.11.2025, 15:30 बजे तक

www.ireps.gov.in

सं.: 106-सिग-टेण्डर-32/2025-26 दिनांक: 17.10.2025 3276/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोहली और रोहित पर फिर रहेगी निगाह श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

एजेंसी

एडिलेड। भारतीय टीम की आलराउंडरों पर बहुत अधिक निर्भरता की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कड़ी परीक्षा होगी लेकिन एक बार फिर से सभी की निगाहें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला बराबर करने में अपना योगदान देना चाहेंगे। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच में भारत के लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा। बारिश के लगातार व्यवधान के कारण भारतीय बल्लेबाजी प्रभावित हुई और आखिर में उसे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर पाए थे लेकिन मोहम्मद सिराज और



अक्षर पटेल जैसे गेंदबाजों को केवल 131 रन के लक्ष्य का बचाव करना था जो आसान काम नहीं था। एडिलेड ओवल में भी चुनौतियां अलग नहीं होंगी, क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं।

आस्ट्रेलियाई ग्रीष्म ऋतु के शुरू होने के साथ ही, देश की नई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन को रिलीज कर दिया है और अनुभवी लेग-ब्रेक गेंदबाज एडम ज़म्पा अपने बच्चे के जन्म के बाद वापस आ गए हैं। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी हुई है। यशस्वी जायसवाल जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी के बेंच पर बैठे रहने से रोहित शर्मा पर अच्छा प्रदर्शन करने का भारी दबाव है। यह पूर्व कप्तान इससे अच्छी तरह वाकिफ है और इसलिए उन्होंने मैच से पहले जमकर अभ्यास किया।

वह एडिलेड ओवल के अभ्यास मैदान में कम से कम 45 मिनट पहले पहुंच गए, जबकि कुछ अन्य सदस्य वैकल्पिक नेट सत्र के लिए उनके साथ शामिल हुए। कोचिंग स्टाफ से एकमात्र व्यक्ति जो नेट्स पर मौजूद था, वह थे मुख्य कोच गौतम गंभीर। उनके साथ दो थ्रो-डाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी और राघवेंद्र भी थे। बाकी कोचिंग स्टाफ कुछ देर बाद आया। वास्तव में, रोहित जिस पहले नेट पर उतरे थे, वह गीला था और थ्रो-डाउन गेंदें सीधे गेंद की लम्बाई से बाहर जा रही थीं। यह भांपते हुए कि टीम का सबसे सीनियर खिलाड़ी चोटिल हो सकता है, कोच गंभीर ने उन्हें दूसरे नेट पर अभ्यास करने के लिए कहा जिस पर रोहित ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की। रोहित ने जहां जमकर अभ्यास किया वहीं कोहली ने मंगलवार को नेट पर काफी समय बिताने के बाद विश्राम किया। बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे लगता है कि वे दोनों बहुत अच्छी लय में दिख रहे हैं। उन्होंने कल बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसलिए मुझे लगता है कि वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लिया

एजेंसी



पेरिस। विश्व टेनिस के महान खिलाड़ियों में शुमार सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हटने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। उन्होंने यह फैसला सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट के दौरान पैर में लगी चोट के चलते लिया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने इस सीज़न में बहुत कम टूर्नामेंट खेले हैं। चारों ग्रैंड स्लैम के अलावा उन्होंने सिर्फ आठ एटीपी टूर इवेंट्स में हिस्सा लिया। 38 वर्षीय जोकोविच इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन- सभी चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंचे। मई अंत से सितंबर के अंत तक उन्होंने केवल उन्हीं तीन स्लैम टूर्नामेंट में भाग लिया। हाल ही में खेले गए शंघाई मास्टर्स में भी जोकोविच को हिप (कूल्हे) की समस्या से जूझना पड़ा था, जिसके चलते वह सेमीफाइनल में बाहर हो गए थे। जोकोविच पिछले हफ्ते सऊदी अरब में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम में शामिल हुए थे, जहां उन्हें शुरुआती राउंड में बाई मिली थी। पहले मैच में वह जानिक सिनर से हार गए और तीसरे स्थान के लिए टेलर फ्रिट्ज़ के खिलाफ मुकाबले में एक सेट खेलने के बाद चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। जोकोविच ने पहले ही एटीपी फाइनल्स (9 से 16 नवंबर, ट्यूरिन, इटली) के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन उन्होंने 2024 में यह टूर्नामेंट छोड़ दिया था। इस बार भी उनकी भागीदारी को लेकर अब संशय बढ़ गया है।

## एशिया कप ट्रॉफी को लेकर आईसीसी बैठक में बीसीसीआई और पीसीबी के बीच टकराव की संभावना

एजेंसी

कराची। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगले महीने होने वाली बैठक में टकराव की स्थिति बन सकती है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख के तौर पर व्यक्तिगत रूप से भारत को एशिया कप ट्रॉफी सौंपने के अपने रुख से पीछे नहीं हट रहे हैं। बीसीसीआई और अन्य एसीसी सदस्य देशों को भेजे गए जवाब में नकवी ने जोर देकर कहा है कि वह 10 नवंबर को दुबई में एक समारोह आयोजित करने के इच्छुक हैं, जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधि और भारतीय टीम का कोई भी उपलब्ध खिलाड़ी उनसे ट्रॉफी ले सकता है। नकवी ने अपने जवाब में लिखा, ''एसीसी ट्रॉफी सही मायने में भारतीय क्रिकेट टीम की है और यह तब तक एसीसी मुख्यालय में रखी रहेगी जब तक बीसीसीआई का कोई पदाधिकारी किसी भी उपलब्ध प्रतिभागी खिलाड़ी के साथ एसीसी अध्यक्ष से इसे प्राप्त नहीं कर लेता। उन्होंने कहा,''इसके लिए भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा क्योंकि हमें स्थापित परंपराओं से नहीं हटना चाहिए और कोई भी ऐसी मिसाल नहीं कायम की जानी चाहिए जो उस खेल की भावना को कमजोर करे जिसे हम सभी प्यार करते हैं। आईसीसी के अध्यक्ष बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। नकवी का यह जवाब बीसीसीआई द्वारा एशिया कप ट्रॉफी विवाद पर एसीसी को लिखे गए पत्र के बाद आया है। अफगानिस्तान और श्रीलंका के बोर्ड ने भी इस मामले में भारतीय बोर्ड का समर्थन किया है। इस प्रतिक्रिया से बीसीसीआई और पीसीबी के बीच अविश्वास और तनाव का स्तर स्पष्ट रूप से पता चलता है। नकवी ने अपने जवाब में कहा, ''जहां तक आपके पत्र के शेष भाग का सवाल है तो एसीसी अध्यक्ष का कार्यालय ऐसी तुच्छ राजनीति में शामिल नहीं होगा जिसका उद्देश्य चुनिंदा चरमपंथी समूहों को खुश करना हो।

## यूईएफए चैंपियंस लीग: पीएसजी ने बायर लेवरकुसेन को 7-2 से रौंदा, न्यूकैसल ने बेनफिका को 3-0 से हराया

एजेंसी

लेवरकुसेन। बायर लेवरकुसेन और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के बीच मंगलवार को खेला गया चैंपियंस लीग मुकाबला गोलों, पेनल्टी और रेड कार्ड से भरपूर रहा। मौजूदा चैंपियन पीएसजी ने इस धमाकेदार मैच में 7-2 से बड़ी जीत दर्ज की और गोल अंतर के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। मैच के पहले हाफ में ही 6 गोल, दो रेड कार्ड और दो पेनल्टी देखने को मिलीं। पीएसजी ने शुरुआती बढ़त 7वें मिनट में विलियम पाचो के हेडर से हासिल की। इसके बाद मैदान पर जबरदस्त एक्शन देखने को मिला। 25वें मिनट में लेवरकुसेन को पेनल्टी मिली, लेकिन एलेक्स ग्रिमाल्डो पोस्ट पर शॉट मार बैठे और मौका गंवा दिया। कुछ देर बाद कप्तान रॉबर्ट एंडरिच को वीएआर समीक्षा के बाद कोहनी मारने के कारण सीधे रेड कार्ड से बाहर कर



दिया गया। हालांकि, इसके बाद पीएसजी के इल्या ज़ाबार्नी को भी रेड कार्ड दिखाया गया, जिन्होंने क्रिश्चियन कोफाने को गोल के सामने गिरा दिया था और पहली पेनल्टी भी उन्हीं के कारण मिली थी। इस बार एलेक्स गार्सिया ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 41वें मिनट में डिज़ायरे डूए ने गोल कर बढ़त फिर से पीएसजी को दिलाई। इसके तीन मिनट बाद ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने शानदार गोल दागा और इंजरी टाइम में डूए ने अपना दूसरा गोल कर हाफटाइम तक स्कोर 4-1 कर दिया। दूसरे हाफ में भी पीएसजी का दबदबा जारी रहा। 50वें मिनट में नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर 5-1 किया। लेवरकुसेन के गार्सिया ने लंबी दूरी से बेहतरीन गोल कर अपना दूसरा गोल दागा, लेकिन यह वापसी की शुरुआत नहीं बन सका। अंत में पीएसजी के ओस्मान डेम्बेले और वितिन्हा ने दो और गोल कर स्कोर 7-2 पर खत्म किया। न्यूकैसल के गोलकीपर पोप का कमाल, थ्रो से बना गोल का मौका बेनफिका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में न्यूकैसल ने 3-0 से जीत हासिल की। मैच का सबसे यादगार पल 70वें मिनट में देखने को मिला जब गोलकीपर निक पोप ने अपने थ्रो से गोल का मौका बनाया। पोप ने गेंद को पकड़ने के बाद तेजी से हाफवे लाइन के पार हार्वी बार्न्स की ओर ओवरआर्म थ्रो फेंका। बेनफिका के डिफेंडर एंटोनियो सिल्वा बीच में नहीं रोक पाए और बार्न्स ने शानदार फिनिशिंग करते हुए गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। इस गोल के बाद न्यूकैसल के खिलाड़ी पोप के पास दौड़ पड़े और उन्हें घेरकर जश्न मनाया। इस जीत से न्यूकैसल ने अपने नॉकआउट चरण की उम्मीदों को और मजबूत कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### लालीगा ने मियामी में विलारियल और बार्सिलोना के बीच खेले जाने वाले मैच को रद्द किया

**मैड्रिड।** स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग लालीगा ने घोषणा की है कि बार्सिलोना और विलारियल के बीच दिसंबर में मियामी (अमेरिका) में खेले जाने वाले नियमित सीजन मैच को रद्द कर दिया गया है। लालीगा ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, मियामी में आयोजित होने वाले आधिकारिक लालीगा मैच के प्रमोटर के साथ बातचीत के बाद, हाल के हफ्तों में स्पेन में उत्पन्न अनिश्चितता को देखते हुए इस कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। लीग ने आगे कहा कि विदेश में आधिकारिक मैच आयोजित करना प्रतियोगिता की वैश्विक वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होता, जो क्लबों की अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी, खिलाड़ियों की पहचान और स्पेनिश फुटबॉल की वैश्विक दृश्यता को मजबूत करता। गेम प्रमोटर 'रिलेवेंट स्पोर्ट्स' ने बताया कि उसने लालीगा को मैच स्थगित करने की आवश्यकता की सूचना दी क्योंकि इतने बड़े पैमाने के आयोजन को ठीक ढंग से तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है। रिलेवेंट ने यह भी कहा, बिना पक्के मैच की पुष्टि के टिकट बिक्री शुरू करना गैरजिम्मेदाराना होगा। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब खिलाड़ियों और अन्य क्लबों ने स्पेन के बाहर मैच आयोजित करने के विचार की आलोचना की है। विलारियल इस मैच की मेज़बान टीम थी और मुकाबला हार्ड रॉक स्टेडियम (मियामी) में खेला जाना तय था। रियल मैड्रिड के गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने भी इस पर नाराज़गी जताते हुए कहा, टीमों को घर और बाहर दोनों जगह खेलना चाहिए। स्पेनिश लीग में बाहर जाकर खेलना मुश्किल होता है। विलारियल के मैदान पर खेलना बहुत कठिन है, इसलिए हर टीम को घर और बाहर दोनों मुकाबले खेलने चाहिए, जब तक कि कोई बड़ी वजह न हो। गौरतलब है कि लालीगा और रिलेवेंट स्पोर्ट्स के बीच एक दीर्घकालिक साझेदारी है। रिलेवेंट, स्टीफन रॉस के स्वामित्व वाले समूह का हिस्सा है, जिसमें हार्ड रॉक स्टेडियम, मियामी डॉल्फ़िन्स, फॉर्मूला वन मियामी ग्रां प्री और मियामी ओपन जैसे प्रतिष्ठित आयोजन शामिल हैं। मियामी में लालीगा मैच की योजना को उस समय फिर से गति मिली थी जब फीफा ने रिलेवेंट द्वारा दायर एक मुकदमे से खुद को अलग कर लिया। कुछ हफ्तों बाद फीफा ने घोषणा की कि वह अपने नियमों की समीक्षा करेगा और इस मुद्दे पर यूईएफए के कानूनी विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक कार्य समूह का गठन करेगा।

### दीपावली पर देशभर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये का हुआ कारोबार

**नई दिल्ली।** दीपावली पर इस वर्ष देशभर में रिकॉर्ड 6.05 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है, जिसमें 5.40 लाख करोड़ रुपये उत्पादों की बिक्री हुई। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मंगलवार को दावा किया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और मजबूत उपभोक्ता विश्वास के कारण इस साल दिवाली पर रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी ने देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों के आधार पर विस्तृत दिवाली त्योहार की बिक्री 2025 पर रिसर्च रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष दिवाली पर देशभर में कुल बिक्री 6.05 लाख करोड़ रुपये तक पहुंची, जिसमें 5.40 लाख करोड़ रुपये का वस्तु व्यापार और 65 हजार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। यह अब तक का देश के व्यापार इतिहास का सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार है। दिल्ली के चांदनी चौक सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी दिवाली का आह्वान जनता के बीच गहराई से गूंजा 87 फीसदी उपभोक्ताओं ने भारतीय वस्तुओं को विदेशी वस्तुओं के मुकाबले प्राथमिकता दी, जिससे चीनी उत्पादों की मांग में तेज गिरावट दर्ज की गई। खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारियों ने बताया कि भारतीय निर्मित वस्तुओं की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसदी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि दिवाली 2025 के बिक्री आंकड़े पिछले वर्ष (4.25 लाख करोड़ रुपये) की तुलना में 25 फीसदी की वृद्धि दर्शाते हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि मुख्य रूप से गैर-कारपोरेट एवं पारंपरिक बाजारों ने कुल व्यापार में 85 फीसदी का योगदान दिया, जो भारतीय खुदरा बाजारों और छोटे व्यापारियों की शानदार वापसी को रेखांकित करता है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीया ने प्रमुख त्योहारी वस्तुओं के कुल कारोबार की क्षेत्रवार बिक्री फीसदी की योगदान के बारे में विस्तार से बताया। उनके मुताबिक किराना एवं एफएमसीजी 12 फीसदी, सोना-चांदी 10 फीसदी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स 8 फीसदी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 7 फीसदी, रेडीमेड परिधान 7 फीसदी, गिफ्ट आइटम 7 फीसदी, होम डेकोर 5 फीसदी, फर्निशिंग एवं फर्नीचर 5 फीसदी, मिठाई एवं नमकीन 5 फीसदी, वस्त्र 4 फीसदी, पूजन सामग्री 3 फीसदी, फल एवं मेवे 3 फीसदी, बेकरी एवं कन्फ़ेक्शनरी 3 फीसदी, फुटवियर 2 फीसदी, तथा अन्य विविध वस्तुएं 19 फीसदी शामिल हैं।

### जयंत चौधरी ने फिलीपींस में ज्ञान विनिमय मिशन का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी 20-22 अक्टूबर तक फिलीपींस में एक उच्चस्तरीय ज्ञान आदान-प्रदान मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। यह कार्यक्रम विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस मिशन में प्रवासी श्रमिक विभाग (डीएमडब्ल्यू), तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण (टेस्डा), फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण (पीएसए) और प्रवासी श्रमिक कल्याण प्रशासन (ओडब्ल्यूडब्ल्यूए) जैसे प्रमुख फिलीपींस संस्थानों के साथ रणनीतिक सहयोग शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य कौशल विकास, श्रम गतिशीलता और डेटा-आधारित नीतिगत ढांचों से संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। इस दौरे पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# सितंबर में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर रही तीन फीसदी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर माह में तीन फीसदी रही। इससे पिछले महीने अगस्त में यह 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर में तीन फीसदी रही है। इससे पिछले महीने अगस्त में इन प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 6.5 फीसदी की दर से बढ़ा था, जबकि पिछले साल सितंबर में यह वृद्धि 2.4 फीसदी दर्ज की गई थी। ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर सालाना आधार पर सुधरी है, लेकिन मासिक आधार पर इसमें सुस्ती दर्ज की गई है। इस्पात, सीमेंट, बिजली और उर्वरक के उत्पादन में



सितंबर, 2025 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही अप्रैल-सितंबर के दौरान इन आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर गिरकर 2.9 फीसदी पर आ गई। पिछली वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में यह 4.3 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इन कोर इंडस्ट्रीज का संयुक्त सूचकांक भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के कुल भार का 40.27 फीसदी होता है।

## भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 4.6 अरब डॉलर के सौदे हुए: ग्रांट थॉर्नटन भारत

नयी दिल्ली। भारत के मोटर वाहन क्षेत्र ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.6 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 30 लेनदेन दर्ज किए। इसे टाटा मोटर्स के इवेको एस.पी.ए. के 3.8 अरब अमरीकी डॉलर के अधिग्रहण से बढ़ावा मिला। ग्रांट थॉर्नटन भारत ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'ग्रांट थॉर्नटन भारत क्यू3 (तीसरी तिमाही) 2025 ऑटोमोटिव डीलट्रैकर' के अनुसार, टाटा मोटर्स-इवेको सौदे को छोड़कर अप्रैल-जून तिमाही में मूल्य में 36 प्रतिशत की गिरावट आई जो दर्शाता है कि बड़े रणनीतिक दांव समग्र सौदे की गति को परिभाषित करते रहेंगे। हालांकि सौदों की मात्रा पिछली तिमाही के समान रही लेकिन मूल्यों में तेजी से वृद्धि हुई। इसका मुख्य कारण टाटा मोटर्स द्वारा इवेको एस.पी.ए. का 3.8 अरब डॉलर में अधिग्रहण रहा जो भारत के अब तक के सबसे बड़े मोटर वाहन लेनदेन में से एक है।

## सस्ते आयात, डंपिंग से देश के इस्पात क्षेत्र को नुकसान नीतिगत समर्थन की जरूरत: आरबीआई

एजेंसी

मुंबई। देश के इस्पात क्षेत्र को 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रमुख वैश्विक इस्पात उत्पादकों के सस्ते आयात और डंपिंग के कारण भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय बैंक के अक्टूबर बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि इस्पात आयात में वृद्धि देखी गई है जिसका मुख्य कारण आयात कीमतें कम होना है। इससे घरेलू इस्पात उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही इसमें घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन का आह्वान किया गया है। 'स्टील अंडर सीजः अंडरस्टैंडिंग द इम्पैक्ट ऑफ डंपिंग ऑन इंडिया' शीर्षक वाले लेख में कहा गया, '' वैश्विक उत्पादकों के सस्ते इस्पात की डंपिंग से घरेलू इस्पात उत्पादन को खतरा हो सकता है। हालांकि, इसे उपयुक्त नीतिगत उपायों के माध्यम से कम किया जा सकता है। हाल ही में सुरक्षा शुल्क लगाने की पहल आयात डंपिंग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। भारत ने अपनी खपत की मांग को पूरा करने के लिए इस्पात उत्पादों का आयात किया। देश के लौह एवं इस्पात आयात में 2024-25 की पहली छमाही में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 2024-25 की दूसरी छमाही में इसमें कमी दर्ज की गई जिसका मुख्य कारण रक्षोपाय (सेफगार्ड) शुल्क था। अंतराष्ट्रीय बाजार में इस्पात की कम कीमतों से भारत ने 2023-24 में अपने इस्पात आयात में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। भारत लगभग 45 प्रतिशत इस्पात का आयात दक्षिण कोरिया (आयात हिस्सेदारी 14.6 प्रतिशत), चीन (9.8 प्रतिशत), अमेरिका (7.8 प्रतिशत), जापान (7.1 प्रतिशत) और ब्रिटेन (6.2 प्रतिशत) से करता है।

### टाटा मोटर्स ने त्योहारी अवधि में एक लाख से अधिक यात्री वाहनों की आपूर्ति की

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने त्योहारी सीजन नवरात्रि से दिवाली तक 30 दिन में एक लाख से ज्यादा वाहनों की आपूर्ति की, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 33 फीसदी अधिक है। कंपनी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने नवरात्रि से दिवाली तक की 30 दिनों की अवधि में एक लाख से अधिक वाहनों की डिलीवरी की है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 33 फीसदी अधिक है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने कहा, डिलीवरी में एसयूवी का नेतृत्व किया गया, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों ने भी मजबूत कर्षण दिखाया। उन्होंने कहा, ''नवरात्रि से दिवाली तक तीस दिनों की अवधि में, हमने 01 लाख से अधिक वाहनों की डिलीवरी के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी, लगातार तीसरे दिन फिसला सोना

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज लगातार तीसरे दिन मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,30,570 रुपये से लेकर 1,30,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज भी 1,19,690 रुपये से लेकर 1,19,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,720 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और



22 कैरेट सोना 1,19,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,30,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,30,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,30,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,19,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,30,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वाराणसी में नमामि गंगे की अपील, धार्मिक निर्माल्य का नदियों में न करें विसर्जन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में दीपावली पर्व के बाद धार्मिक परंपराओं के तहत गंगा नदी में निर्माल्य (देवता को चढ़ाई गई सामग्री) विसर्जन की प्रवृत्ति को रोकने और गंगा संरक्षण के उद्देश्य से नमामि गंगे अभियान के तहत बुधवार को पहल की गईं। दशाश्वमेध घाट पर जागरूकता कार्यक्रम और सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं से अपील की गई कि दीपावली के बाद बची हुई पूजा सामग्री, फूल, माला, मूर्तियां आदि गंगा में प्रवाहित न करें, क्योंकि इससे नदी का प्रदूषण बढ़ता है और जलजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। राजेश शुक्ला ने कहा कि दीपावली पर प्रायः हर घर में श्री गणेश और मां लक्ष्मी की नई मूर्तियों की स्थापना होती है, लेकिन पूजा के बाद पुरानी मूर्तियों का उचित विसर्जन न होने के कारण वे गंगा में फेंक दी जाती हैं या सड़कों किनारे, पेड़ों के नीचे छोड़ दी जाती हैं। उन्होंने इसका समाधान सुझाते हुए कहा कि लोग एक टब में थोड़ा गंगाजल डालकर मूर्ति को उसमें विसर्जित करें। एक-दो दिन में मूर्ति स्वयं ही घुल जाएगी। बाद में इस जल को किसी गमले या पेड़ की जड़ में डाला जा सकता है। इससे मूर्ति का सम्मानजनक विसर्जन भी होगा और गंगा भी स्वच्छ रहेगी। अभियान के तहत दशाश्वमेध घाट पर फैले हुए धार्मिक कचरे की सफाई भी की गई। बड़ी मात्रा में फूल, माला, मिट्टी की मूर्तियां और अन्य पूजा सामग्री घाट से हटाई गई। इस जन-जागरूकता अभियान में आयुष श्रीवास्तव, विजय अवस्थी, सुमित शुक्ला, गगन शुक्ला, आशीष रावत, प्रियांशु शुक्ला सहित कई स्वयंसेवकों ने भाग लिया और लोगों को इको-फ्रेंडली विसर्जन के प्रति जागरूक किया।

## उमाशंकर दूबे हत्याकांड का एक आरोपित पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश में जिला सुलतानपुर के अखंडनगर थाना क्षेत्र में उमाशंकर दूबे हत्याकांड के एक आरोपित को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कादीपुर क्षेत्राधिकारी ने बुधवार को बताया कि अखंडनगर थाना में पंजीकृत हत्या के मामले में विवेक उर्फ पिल्लू और आशीष निवासी खुशामदपुर था। नगरी अंडरपास से कल्याणपुर अंडरपास जाने वाले एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन पर मोकलपुर तिराहा के कच्चे मार्ग पर आज तड़के गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में विवेक के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

# दीपावली को नहाने निकले दो दोस्तों की तालाब में डूबकर मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में सकरार थाना क्षेत्र के मगरपुर गांव में दीपावली के दिन लापता हुए दो दोस्तों के शव करीब 35 घंटे बाद तालाब में मिले। वे नहाने की बात कहकर घर से निकले थे। फिर लौटकर नहीं आए। उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान तालाब में दोनों की चप्पलें उतारते हुए दिखाई दीं। संदेह होने पर गोताखोर बुलाकर पानी में उतारे गए। दो-तीन घंटे की तलाश के बाद दोनों के शव बरामद हो गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मगरपुर प्रधान परसुराम कुशवाहा ने बताया कि मगरपुर गांव निवासी राहुल श्रीवास (25) पुत्र श्यामलाल श्रीवास और पड़ोस के गांव संतपुरा निवासी दीपू उर्फ दीपचंद (24) पुत्र रामेश्वर परिहार अच्छे दोस्त थे। रोजाना साथ उठते-बैठते थे। सोमवार को दीपावली के दिन दोनों घर से नहाने के लिए निकले थे। शाम तक दोनों लौटकर घर नहीं पहुंचे। इस पर परिजनों ने तलाश शुरू की, मगर कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह भी ढूंढ़ा, मगर दोनों नहीं मिले। तब राहुल के पिता श्यामलाल ने सकरार पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पप्पू सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस, परिजन और ग्रामीणों ने दोनों की तलाश शुरू की। राहुल के घर से लगभग 400 मीटर दूर तालाब बना है। तलाश करते हुए पुलिस व ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे तो राहुल और दीपू की चप्पल उतराते हुए दिखी। इस पर आनन फानन में गोताखोर बुलाकर तालाब में उतारे गए। तालाब में करीब 15 फीट पानी था। 2-3 घंटे की तलाश के बाद देर शाम को पहले दीपू का शव बरामद हुआ। उसके कुछ देर बाद उसी जगह राहुल का शव बरामद हो गया। शव मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। राहुल और दीपू दोनों ही अविवाहित थे। सीओ टहरौली अजय कुमार राय ने बताया कि मंगलवार दोपहर को श्यामलाल ने सकरार थाना प्रभारी को सूचना दी थी कि उनका बेटा और उसका दोस्त नहाने के लिए घर से निकले थे। मंगलवार दोपहर तक लौटकर नहीं आए। कुछ घंटे तलाश के बाद तालाब में दोनों के शव बरामद हो गए। पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए मऊरानीपुर भेजा गया है।

# बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार, ग्रह-नक्षत्र दे रहे संकेत-काशी के ज्योतिषविद का दावा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का नामांकन पूरा हो चुका है। सियासी सरगर्मी चरम पर है। सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इस बीच काशी के युवा ज्योतिषविद और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. श्वेतांक मिश्र ने अपने ज्योतिषीय आकलन के आधार पर बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इस बार फिर बिहार की सत्ता एनडीए गठबंधन के हाथों में जाएगी। डॉ. मिश्र ने 'हिन्दुस्थान समाचार' से विशेष बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और रणनीतिकार प्रशांत किशोर की उपलब्ध जन्मकुंडलियों के ज्योतिषीय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर को हुए महत्वपूर्ण खगोलीय परिवर्तन- बृहस्पति का कर्क राशि में प्रवेश- का असर चुनावी समीकरणों पर भी परिलक्षित होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की कुंडली मिथुन लग्न और वृश्चिक राशि की बनती है। 18 अक्टूबर से पूर्व तक बृहस्पति चंद्रमा से अष्टम भाव में स्थित थे, जो अनुकूल नहीं माना जाता। लेकिन अब बृहस्पति चंद्रमा से नवम (भाग्य) भाव में पहुंच चुके हैं, जिससे एक शक्तिशाली 'राजयोग' बन रहा है। इसके प्रभाव से नीतीश कुमार को एंटी-इनकंबेंसी के बावजूद चुनाव में कोई विशेष क्षति नहीं होगी। डॉ. मिश्र के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुंडली तुलनात्मक रूप से सबसे अधिक सशक्त है। वर्तमान समय उनके लिए मध्यम फलदायक है, लेकिन विपक्षी नेताओं की तुलना में यह उन्हें बढ़त देती है। दूसरी ओर, राहुल गांधी की कुंडली में राहु-शनि का 'शापित योग' बना हुआ है, जो उनके नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदर्शन को सीमित कर सकता है। महागठबंधन में कांग्रेस की अपेक्षा अन्य दल बेहतर स्थिति में रहेंगे। तेजस्वी यादव की कुंडली को लेकर ज्योतिषीय मतभेद हैं, लेकिन यदि कुम्भ लग्न को आधार माना जाए, तो वे इस समय शनि की साढ़े साती के अंतिम चरण में हैं। ज्योतिषीय भाषा में यह काल 'संकटा में सिद्धा' कहलाता है - जो संघर्षशील तो होता है, पर सत्ता तक पहुंचाने में समर्थ नहीं। इस कारण वे निर्णायक भूमिका में आते नहीं दिख रहे। मिश्र कहते हैं कि ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, लोजपा (रामविलास) नेता चिराग पासवान के लिए यह चुनाव बेहद खास साबित हो सकता है। वे एनडीए के भीतर एक उभरती हुई ताकत के रूप में सामने आ सकते हैं। चुनाव के बाद उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपे जाने की प्रबल संभावना बन रही है। डॉ. मिश्र के अनुसार सीमांचल जैसे क्षेत्रों में महागठबंधन को फायदा हो सकता है, लेकिन शहरी और मध्यमवर्गीय क्षेत्रों में एनडीए को बढ़त मिलने के स्पष्ट संकेत हैं। भाजपा, जदयू और लोजपा (रामविलास) का संयोजन शहरी मतदाताओं में मजबूत पकड़ बनाए हुए है। अब तक उपलब्ध समग्र ज्योतिषीय विश्लेषण और अध्ययन के आधार पर डॉ. श्वेतांक मिश्र का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए गठबंधन एक बार फिर सरकार बनाने में सफल हो सकता है। यद्यपि राजनीतिक समीकरण समय-समय पर बदलते रहते हैं, परंतु ग्रह-नक्षत्रों का संदेश इस बार एनडीए के पक्ष में जाता दिख रहा है।

## आजमगढ़ में करंट की चपेट में आने से चाची-भतीजे की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के तहबरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह खेत में काम करते समय करंट लगने से चाची और भतीजे की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर आक्रोशित परिजनों ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शव को उनके घर के सामने रखकर जमकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही प्रशासन के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह परिजनों को शांत कराया। तहबरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि डिहवा तरौधी गांव निवासी धीरज (18) पुत्र राजेन्द्र आज सुबह अपनी चाची रजनी (40) पत्नी हरेन्द्र के साथ खेत में आलू की बुआई के लिए खेत तैयार करने गए थे। बगल के लालमुनि के खेत में इलेक्ट्रिक फेंस (झटका मशीन) लगी हुई थी। आरोप है कि उसने फेंस में बैटरी की जगह 11 हज़ार वोल्ट की सीधी लाइन जोड़ रखी थी और काम के दौरान अचानक धीरज का फावड़ा तारों में फंस गया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। भतीजे को बचाने की कोशिश में चाची रजनी भी करंट की चपेट में आ गईं। करंट की चपेट में आए भतीजे की मौत मौके पर हो गई।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी



**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# मथुरा में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, आगरा-दिल्ली रेल मार्ग प्रभावित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

आगरा। मथुरा में वृंदावन रोड व आझही स्टेशन के बीच मंगलवार रात मालगाड़ी के बारह डिब्बे पटरी से उतर जाने के बाद रेलवे ट्रैक की अप एंड डाउन की लगभग सभी लाइनों पर रेल यातायात ठप हो गया। इसकी वजह से कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा या ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए। कई ट्रेनों को मथुरा पहुंचने से पहले ही आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया। मथुरा रेल हादसे के बाद आगरा-दिल्ली रेल मार्ग की कई गाड़ियों को निरस्त कर दिया गया है और कई का मार्ग बदला गया है। शताब्दी, वंदे भारत समेत कई ट्रेनें निरस्त करने से यात्रियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रुट बदलने के बाद यात्रा में कई घंटे का इजाफा हुआ है जो यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना है। दुर्घटना स्थल पर अप एंड डाउन की तीन लाइन अभी काफी हद तक प्रभावित है। चौथी लाइन को साफ किया जा रहा है जिस पर आंशिक रूप से संचालन शुरू हुआ है। आगरा रेल मंडल की जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि यह दुर्घटना आगरा रेल मंडल के पलवल मथुरा खंड के अंतर्गत वृंदावन एवं आझई स्टेशनो के बीच में हुई है। आगरा से राहत एवं बचाव ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आगरा से ट्रेन के साथ भेजी गई टीम में कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद है। दुर्घटना के बाद कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है तथा कई ट्रेनों के मार्ग भी बदले गए हैं जिसमें प्रमुख रूप से 64958 पलवल आगरा कैंट मेमू, 64955 आगरा कैंट टूंडला मेमू, 22470-22469 खजुराहो वंदे भारत, 12002-12001 शताब्दी एक्सप्रेस, 12280-12279 ताज एक्सप्रेस, 20452-20451 सोगारिया इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस और 12050-12049 गतिमान एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। वहीं, 12486 हजूर साहिब एक्सप्रेस, 12472 स्वराज एक्सप्रेस, 20156 नई दिल्ली अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, 12172 हरिद्वार मुंबई एक्सप्रेस, 22408 हजरत निजामुद्दीन अंबिकापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 22210 दूरंतो एक्सप्रेस, 12722 दक्षिण सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 01494 पुणे सुपरफास्ट के मार्ग के परिवर्तन किया है। इसके साथ ही कई ट्रेनों को आंशिक निरस्त भी किया गया है। ट्रैक बाधित होने की वजह से कई ट्रेनों को छाता, धौलपुर, आगरा कैंट व अन्य स्टेशनों पर रोक दिया गया। वहीं, उत्तर मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे की ओर जाने वाली ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन कर दिया है। रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा और बीना जाने वाली ट्रेन गाजियाबाद, मितावली, आगरा कैंट और बीना मार्ग से डायवर्ट करने की योजना बनाई गयी है। मालगाड़ी दुर्घटना के कारण जनहानि तो नहीं हुई लेकिन दीपावली पर्व के कारण घर जाने और लौटने वाले यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा है। रुट परिवर्तन और गाड़ियों के कैंसिल होने की वजह से यात्रियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे ने यात्रियों से धैर्य रखने की अपील की है।

# गतिमान, शताब्दी, वंदे भारत और ताज एक्सप्रेस रद्द,कई गाड़ियों के रूट बदले

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



झांसी। मंगलवार देर रात झांसी-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी पटरी से उतर जाने के चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। रेलवे ने नई दिल्ली से चलकर रानी कमलापति जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस और हजरत निजामुद्दीन से चलकर खजुराहो जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें रद्द कर दी हैं और कुछ ट्रेनों का रूट डाइवर्ट किया है। इसके अलावा कई ट्रेनों को दूसरे स्टेशनों पर खड़ा किया गया था, जो अब 6 से 9 घंटे की देरी से झांसी पहुंच रही हैं। मंगलवार रात मथुरा के पास वृंदावन रोड और अझाई स्टेशन के बीच कोयले की मालगाड़ी के 13 वैगन पटरी से उतर गए हैं। जिसके चलते दिल्ली-मुम्बई रूट का यातयात बुरी तरह प्रभावित हो गया है। यहां रेल अफसरों को सूचना मिली तो उन्होंने स्थिति की जानकारी कर जो ट्रेन जहां चल रही थी, उसे वहीं रोक दिया। मौके पर पहुंची टीमों ने मरम्मत का काम शुरू किया लेकिन, नुकसान बड़ा होने के चलते 6 घंटे का समय लग गया। हालांकि, अभी भी ट्रेनों का संचालन अपनी रफ्तार से नहीं हो पा रहा है। जिन ट्रेनों को रात में ही झांसी पहुंच जाना था, वह सुबह तक झांसी नहीं पहुंच सकीं हैं। इस हादसे में कई ट्रेनों का संचालन डायवर्ट भी कर दिया गया है, जो हजरत निजामुद्दीन से सीधे आगरा कैंट स्टेशन पहुंच रही हैं। वहीं, झांसी आने वाली गतिमान, शताब्दी, वंदे भारत एक्सप्रेस और ताज एक्सप्रेस को रेलवे ने आज रद्द किया है। इस घटना से प्रभावित होकर 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस 8 घंटे,22692 बैंगलौर राजधानी 6 घंटे,12448 यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 7 घंटे,20806 एपी एक्सप्रेस 7.30 घंटे,12626 केरल एक्सप्रेस 8 घंटे,12920 मलवा एक्सप्रेस 8 घंटे,12156 भोपाल एक्सप्रेस निजामुद्दीन से आगरा के लिए डायवर्ट,11058 अमृतसर दादर एक्सप्रेस 8 घंटे,12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस निजामुद्दीन से आगरा तक डायवर्ट,18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस डायवर्ट,12138 फिरोजपुर-मुम्बई पंजब मेल डायवर्ट,12804 निजामुद्दीन विशाखापत्तनम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस डायवर्ट किया गया है। इस संबंध में रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे से यातायात सुचारू किया गया है। रात को आने वाली गाड़ियां करीब 6 से 8 घंटे की देरी से पहुंची हैं। कुछ गाड़ियों के दिल्ली से ही रूट परिवर्तित कर दिए गए हैं। झांसी आने वाली गतिमान, शताब्दी, वंदे भारत एक्सप्रेस और ताज एक्सप्रेस को रेलवे ने आज रद्द किया है।फिलहाल स्थिति को सामान्य किए जाने का प्रयास जारी है।

# शिक्षक हत्याकांड में आरोपित पचास हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बलिया। बलिया के चर्चित शिक्षक हत्याकांड में वांछित और पचास हजार के इनामी बदमाश विकास सोनकर को पुलिस ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान विकास के दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ल ने बुधवार सुबह बताया कि उभाँव, भीमपुरा और स्वाट टीमद्वारा संयुक्त रुप से मलेरा के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर आ रहे व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल चालक ने पीछे घुमा कर भागने का प्रयास किया। थाना उभांव, एसओजी टीम तथा थाना भीमपुरा पुलिस ने उनका पीछा किया। मोटरसाइकिल सवार ने अपने को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश विकास सोनकर पुत्र बाबूलाल निवासी बहरज थाना बरहज जनपद देवरिया के दोनों पैरो में गोली लगी। जबकि एक अन्य बदमाश मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। एएसपी के अनुसार पूछताछ के दौरान पता चला कि घायल बदमाश विकास सोनकर ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर 16 सितम्बर को महिला अध्यापक राधिका वर्मा के गले से सोने की चेन छीनी थी। उसी दिन साहूपुर में अध्यापक देवेन्द्र प्रताप यादव एवं महिला अध्यापिका कंचन सिंह से सोने की चेन व अँगूठी लूट ली थी। साथ ही देवेन्द्र प्रताप यादव की गोली मारकर हत्या करने की घटना को भी अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश विकास सोनकर का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पकड़े गए बदमाश विकास सोनकर के कब्जे से एक तमंचा, दो खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। उसके पास से बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। फरार हुए बदमाश की तलाश जारी है।


## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

## कार्यालय नगर पंचायत भारतगंज-प्रयागराज

स्वच्छता ही सेवा 2025 के शुभ अवसर पर नगरवासियों से निम्न आपेक्षाएं की जाती है-

- पालीथीन पूर्णतः प्रतिबन्धित है, कृपया पालीथीन का प्रयोग न करें, पकड़े जाने पर नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जायेगा। अतः कपड़े एंव कागज के बने थैले का प्रयोग करें।
- 120 माइकोन से कम मोटाई के प्लास्टिक के कैरी बैग और वस्तू 30 सितम्बर 2022 से प्रतिबन्धित है।
- गीला कचरा हरे डस्टविन में, सूखा कचरा नीले डस्टविन में ही डालें।
- डोर टू डोर सफाई मित्र को सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टविन में दें।
- खुले में शौच व पेशाब न करें। शौचालय व मुत्रालय का प्रयोग करें। कूड़ा खुले में न फ़ेकें, कूड़ा सदैव कूड़दान में ही डालें।
- कूड़ा खुलें में फ़ेकते हुए, खुले में शौच व पेशाब करते हुए पकड़े जाने पर 100 रू0 जुर्माना वसूला जायेगा।
- बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई होने पर तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें।
- स्ट्रीट लाइट दिन में न जलाएं तथा एल0ई0डी0 बल्ब की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करें।
- नगर पंचायत को देय भवन कर व समस्त करों को समय से अदा करें।
- जन्म / मृत्यु का पंजीकरण शासन द्वारा निर्धारित समयावधि 21 दिवस के अन्दर ऑनलाइन आवेदन / पंजीकरण करायें।
- जल मानव जीवन के लिए अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहायें।

| बन्टी कुमारी | चन्दन कुमार | फरा बेगम |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | लिपिक | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत | नगर पंचायत | नगर पंचायत |
| भारतगंज | भारतगंज | भारतगंज |
| प्रयागराज | प्रयागराज | प्रयागराज |

वार्ड नं. 01- श्रीमती हीरावती देवी, वार्ड नं0 02- श्रीमती सूनिता केशरी, वार्ड नं0 03- श्रीमती सीमा, वार्ड नं0 04- श्री कुवंर नितेश, वार्ड नं0 05- श्रीमती हिना बेगम, वार्ड नं0 06- श्री श्याम जी, वार्ड नं0 07- श्रीमती इफ्फत रुही, वार्ड नं0 08- श्री शुभम, वार्ड नं0 09-श्रीमती हुश्न बानो, वार्ड नं0 10 श्रीमती तबस्सुम अंसारी, वार्ड नं0 11- श्री इरशाद अहमद, वार्ड नं0 12 श्री मकसूद अहमद, वार्ड नं0 13- श्री अंसार अहमद

पत्रांक-मेमो/न.पं.भारतगंज/2025-26 दिनांक: 18 अक्टूबर 2025